ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 318

अयोध्या बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक हब:32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट, 20 फाइव स्टार होटल खुलेंगे, हर साल पहुंचेंगे 12 करोड़ भक्त



## न्यूज रील्स

### गणेश चतुर्थी से नये संसद भवन में बैठेंगे सांसद

नयी दिल्ली। गणेश चतुर्थी यानी 19 सितंबर को नये संसद भवन में पहली बार आधिकारिक तौर पर काम शुरू होगा। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से 22 सितंबर को होने वाला है। पहले दिन का कामकाज पुरानी बिल्डिंग में ही होगा, लेकिन दूसरे दिन से सभी सांसद नये भवन में बैठेंगे।

### बैटरी स्टोरेज सिस्टम के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग को मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनाने के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग को मंजूरी दी। इस पर सरकार के 3,760 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट स्कीम 2017 के तहत अतिरिक्त फंडिंग को भी मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट ब्रीफिंग में इसकी जानकारी दी।

### यूरोप दौरे पर गये राहुल गांधी, 4 देशों की यात्रा करेंगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी यूरोप दौरे के लिए गये। वो पांच दिन तक 4 यूरोपीय देशों- फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के मेंबर्स और भारतीय समुदाय के लोगों और यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के साथ बातचीत करेंगे। वह जी-20 समिट के बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे।

### आइआइटी मंडी में जूनियर्स की रैगिंग करने वाले 10 छात्र सस्पेंड

मंडी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) मंडी में बुधवार को जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 10 छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन्हें दिसंबर 2023 तक कॉलेज और हॉस्टल से सस्पेंड किया गया है। फर्स्ट ईयर के छात्रों ने शिकायत की थी कि इंट्रोडक्शन सेशन के दौरान सीनियर्स ने उनकी रैगिंग की थी।

### हेमंत सोरेन कैबिनेट ने 35 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# किन्नरों को ओबीसी का लाभ, मासिक पेंशन भी

- सहायक पुलिसकर्मियों को एक साल का सेवा विस्तार
- रेबिज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का फैसला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया है। राज्य के किन्नरों को ओबीसी की श्रेणी का लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्हें सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन भी मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। हेमंत सरकार कैबिनेट ने कुल 35 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें रेबिज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने, स्कूली छात्रों को लंबित साइकिल योजना का लाभ देने, वित्त रहित संस्थान के अनुदान राशि बढ़ाने समेत कई सड़कों, पेयजल आदि योजनाओं के लिए राशि की मंजूरी दी गयी।

**1000 रुपये प्रतिमाह मिलेगा:** बैठक के बाद सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि कैबिनेट ने किन्नर समाज को ओबीसी की श्रेणी का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसमें यदि वे अनारक्षित श्रेणी के हैं, तो उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची-दो में रिक्त स्थान 46 में शामिल करने की स्वीकृति दी गयी है। ओबीसी श्रेणी का लाभ उन्हीं को मिल पायेगा, जो दूसरी किसी श्रेणी से लाभ नहीं ले रहे हैं। नयी सरकारी नियुक्तियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में इन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। राज्य में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा किन्नरों को मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दी जायेगी। लाभ लेने के लिए किन्नर होने का मेडिकल प्रमाण पत्र देना होगा।

**डीबीटी के माध्यम से मिलेगी साइकिल की राशि:** कैबिनेट ने रेबिज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया है। इसके अलावा हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के छात्रों की लंबित साइकिल योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। 2020 से 2023 तक के छात्रों को डीबीटी के मध्यम से साइकिल की राशि बैंक खाते में भेजी जायेगी। वहीं 2023-2024 और 2024 और 2025 के लिए साइकिल खरीद की प्रक्रिया टेंडर के माध्यम से की जायेगी। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग में वित्त रहित संस्थान के अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर मुहर लगी है। ये राशि अब 4 से 12 लाख तक मिलेगी।

**पुलिस को मिलने वाली अनुग्रह राशि बढ़ी:** राज्य में पुलिस को मिलने वाली अनुग्रह राशि में संशोधन किया गया है। घायल पुलिसकर्मी को 7.5 लाख तक का भुगतान होगा, वहीं उग्रवादी घटना में ये राशि दोगुनी हो जायेगी। सरकार ने जिन 12 जिलों में सहायक पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की है, उनकी सेवा अवधि में विस्तार 1 वर्ष का अवधि विस्तार मिला है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले:

- झारखंड पुलिस वायरलेस नियुक्ति नियमावली में संशोधन की मंजूरी।
- झारखंड प्रशासनिक सेवा नियमावली में आंशिक संशोधन की मंजूरी।
- विश्वविद्यालय और विद्यालय के शिक्षकों की बकाया राशि 6% ब्याज के साथ देने की स्वीकृति।
- कोडरमा जमुआ पथ में सुधार के लिए 44 करोड़ की राशि स्वीकृत।
- झारखंड राज्य वित्त रहित अधिनियम 2004 में संशोधन की स्वीकृति।
- मुख्य सूचना आयुक्त रांची के वेतन और सुविधाओं संशोधन की मंजूरी।
- धनबाद के गोबिंदपुर में पेयजल आपूर्ति योजना के लिए 3 अरब 25 करोड़ की स्वीकृति।
- धनबाद के गोबिंदपुर निरसा में ग्रामीण जलापूर्ति के लिए 6 अरब की स्वीकृति।
- हजारीबाग जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए 27 करोड़ की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य बाल परियोजना पदाधिकारी 2023 के गठन की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य औषधि जांच प्रयोगशाला से जुड़े नियमावली के गठन की मंजूरी।
- निदेशक, आयुष झारखंड के गैर संवर्गीय पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती तथा सेवाशर्त नियमावली 2023 पर स्वीकृति।
- कांची सिंचाई योजना अंतर्गत ईचागढ़ शाखा नहर का पक्कीकरण सहित पुनर्स्थापन कार्य के लिए 63.44 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
- रांची के नगड़ी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को कार्यालय भवन निर्माण के लिए सशुल्क जमीन देने की मंजूरी।
- आशुलिपिक की नियुक्ति (भर्ती) एवं प्रोन्नति (संशोधन) नियमावली, 2023 के गठन की मंजूरी।
- जिला व्यवहार न्यायालयों में कार्यरत विशेष लोक अभियोजक के शुल्क निर्धारण की स्वीकृति।
- सिविल जज (सीनियर डिविजन) स्तर के 28 न्यायिक पदाधिकारियों को झारखंड वरीय न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीश के पद पर प्रोन्नति की मंजूरी।
- डुमरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव के संचालन के लिए .63 करोड़ रुपये आकस्मिकता निधि से अग्रिम के तौर पर प्राप्त करने एवं निकासी की मंजूरी।
- सोमरा टोप्पो, दैनिक पारिश्रमिक चालक की सेवा को नियमित करने की मंजूरी।
- उच्च न्यायालय रांची में कार्यरत लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक एवं विशेष लोक अभियोजक के शुल्क में वृद्धि की स्वीकृति।
- झारखंड पंचायत सचिव (नियुक्ति, सेवाशर्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली (संशोधित), 2014 में संशोधन की स्वीकृति।

# हजारीबाग के एसपीजी डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का निधन

- केंद्र सरकार ने एक साल का एक्स्टेंशन दिया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 61 साल के थे और कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। सिन्हा 2016 से एसपीजी डायरेक्टर के तौर पर काम कर रहे थे। इस साल 31 मई को वे रिटायर होने वाले थे। रिटायरमेंट के



एक दिन पहले ही सरकार ने उन्हें एक साल के लिए सेवा विस्तार दिया था। सिन्हा झारखंड के हजारीबाग जिले के रहने वाले थे। सिन्हा 1987 बैच के केरल कैडर के आइपीएस अफसर थे। केरल में वे एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस थे। इससे पहले सिन्हा डीसीपी कमिश्नर, रेंज आइजी, इंटेलिजेंस आइजी और तिरुवनंतपुरम में एडमिनिस्ट्रेटिव आइजी के तौर पर काम कर चुके हैं। सिन्हा ने अपना ज्यादातर करियर केरल में बिताया। वे महिलाओं की सुरक्षा और नॉन रेसिडेंट भारतीयों से जुड़े मामलों के प्रमुख भी रहे हैं। डायरेक्टर सिन्हा के निधन पर इंडियन पुलिस सर्विसेस एसोसिएशन ने दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि एसपीजी डायरेक्टर अरुण कुमार के निधन से हम सभी दुखी हैं। वे अपनी ड्यूटी के लिए कमिटेड थे और उनके नेतृत्व में हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

# मुख्यमंत्री ने कार्यपालक अभियंता के खिलाफ पीइ दर्ज करने की दी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री ने इस कड़ी में प्रथम श्रेणी के पदाधिकारी मनोज कुमार विद्यार्थी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चाइबासा के विरुद्ध पीइ दर्ज करने की अनुमति दिये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार

- रिश्वत लेने और करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप

आरोपी मनोज कुमार विधार्थी की गिरफ्तारी के उपरांत उनके घर की तलाशी में बरामद 9,05,200 रुपये के संबंध में आरोपी के द्वारा रिश्वत लेने एवं रिश्वत की रकम को अपने किराये के मकान में रखने के आरोप को प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। आरोपी एवं आरोपी की पत्नी के नाम से पटना, रांची एवं उनके पैतृक गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति होने का उल्लेख किया गया है।

# मोदी के इंडोनेशिया दौरे के कार्ड पर भी 'भारत' लिखा

- थरूर बोले, हम भी अपने गठबंधन को बीएचएआरएटी कह सकते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी20 के निमंत्रण कार्ड में 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिशियल दौरे पर भी 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखा गया है। मोदी बुधवार को 20वें आसियान-इंडिया सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया गये हैं। प्रधानमंत्री के इस दौरे के कार्यक्रम से जुड़ा एक कार्ड भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया,




जिसमें 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिखा नजर आ रहा है।

उधर, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा है कि हम भी अपने गठबंधन को 'अलायंस फॉर बेटरमेंट, हारमनी एंड रिस्पॉन्सिबल एडवांसमेंट फॉर टुमारो' (बीएचएआरएटी) कह सकते हैं। वहीं, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार को ब्रिटिश शासन से कोई समस्या है, तो उन्हें तुरंत राष्ट्रपति भवन छोड़ देना चाहिए। आजादी से पहले यह वायसराय हाउस था। नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक को त्याग दें। सब भारत बना दो। सब खाली करा दो और जरूरत पड़े तो उसे गोले से उड़ा दो।

### भारत, इंडिया या हिंदुस्तान सबका मतलब मोहब्बत: राहुल

नयी दिल्ली। 'इंडिया' और 'भारत' के बीच उभरे विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालते हुए टिप्पणी की है। उन्होंने यूट्यूब पर अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' से संबंधित वीडियो साझा करते हुए लिखा कि 'भारत, इंडिया या हिंदुस्तान, सबका मतलब मोहब्बत, इरादा सबसे ऊंची उड़ान।' एक साल पहले सात सितंबर को ही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी। अपने शॉर्ट वीडियो में राहुल गांधी जनता से मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### विशेष सत्र से पहले सोनिया की प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी



**नयी दिल्ली।** 18 सितंबर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से 12 दिन पहले सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने 9 मुद्दे उठाये हैं। कांग्रेस चाहती है कि सरकार महंगाई, भारत-चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पत्र भेजा है। गौरलतलब है कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले हफ्ते 18 से 22 सितंबर तक संसद के पांच दिन के विशेष सत्र के बारे में जानकारी दी थी।

## मानव-केंद्रित वैश्वीकरण :

# हमें जी-20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है

नरेंद्र मोदी



'वसुधैव कुटुंबकम', हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है, जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार, जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम 'वन अर्थ' के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम 'वन फैमिली' के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और 'वन फ्यूचर' के लिए हम एक साझा उज्ज्वल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है।

जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभायी है।दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिये पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गयी सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गयी है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है। हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गयी है।

एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी का भी ख्याल रखा जाये। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्य संस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकोनॉमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इन्नोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।

वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकोनॉमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' (एलआइएफइ) को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाइ लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है। टेक्नोलॉजी परिवर्तनकारी है, लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआइ) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है। डीपीआइ का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किये हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआइ अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें।

भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

> भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है।

भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।

आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है, तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है। जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है। भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाये और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,700 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

# आखिर 'भारत' नाम से इतनी चिढ़ क्यों

## ■ संविधान भी तो कहता है इंडिया दैट इज भारत

## ■ राष्ट्रपति के एक इनविटेशन में 'भारत' क्या लिख गया, हंगामा हो गया

## ■ 'भारत' या 'इंडिया' इसी देश के नाम हैं और किसी का भी इस्तेमाल कानूनी है

**आजाद सिपाही विशेष**

किसी भी राष्ट्र का नाम उस देश की अस्मिता, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के गौरव को दशार्ता है। वहां के नागरिकों को उसके इतिहास, सभ्यता और उसकी संस्कृति के प्रति गौरव की याद दिलाता है। राष्ट्रों के नाम वहां के जनमानस की धारा में बहते इतिहास का अभिमान रहे हैं। लेकिन देश में किसी भी तरह का बदलाव अक्सर सियासी दंगल का कारण बना है। जी 20 सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति की ओर से नौ सितंबर को डिनर के लिए 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' के नाम से निमंत्रण भेजे जाने के बाद विपक्ष बौखला गया है। विपक्ष का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार आइएनडीआइए गठबंधन से डर गयी है, तो वह 'इंडिया' नाम का इस्तेमाल नहीं कर सिर्फ 'भारत' का नाम इस्तेमाल करना चाहती है। लेकिन विपक्ष यह कहते समय भूल गया है कि 'भारत' नाम भी उसी देश का है, जहां वह रहता है, जहां उसके नेता राजनीति करते हैं। संविधान में भी 'इंडिया दैट इज भारत' ही लिखा गया है। अगर निमंत्रण पत्र पर 'भारत' शब्द का प्रयोग हो गया, तो इससे विपक्ष को तकलीफ क्यों हो रही है। दरअसल विपक्ष को तकलीफ 'भारत' शब्द से नहीं है, उसे तकलीफ मोदी सरकार से है। कैसे मोदी सरकार ने 'इंडिया' की जगह 'भारत' शब्द का प्रयोग कर दिया। अभी संसद का विशेष सत्र भी चर्चा का विषय बना हुआ है। क्या होने वाला है इस सत्र में, इसे लेकर विपक्ष भी सहमा हुआ है, क्योंकि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जो तैयारी कर रहा है, उसे मोदी सरकार द्वारा न लिये गये फैसलों से भी डर लग रहा है। अभी तो विशेष सत्र शुरू भी नहीं हुआ है। अभी तो लोग अनुमान ही लगा रहे हैं कि इस सत्र में क्या कुछ होने वाला है, तब तक राष्ट्रपति का निमंत्रण पत्र का फोटो वायरल हो गया। विपक्ष को राजनीति करने का एक मुद्दा मिल गया। लेकिन मोदी सरकार भी यही चाहती होगी कि यह मुद्दा जनता के बीच जोर-शोर से जाये, तो एक अनुमान भी लगे कि आखिर देश के ज्यादातर लोग चाहते क्या हैं। विपक्ष का भी चेहरा सामने आये। विपक्ष को भारत शब्द को सहर्ष स्वीकार करने में क्या परेशानी है, जबकि खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा ही निकाली थी, न की इंडिया जोड़ो यात्रा। अभी पीएम मोदी सात सितंबर को इंडोनेशिया की यात्रा पर जाने वाले हैं। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा की जानकारी देने वाला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें पीएम मोदी के लिए 'द प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिखा गया है। इसका मतलब यही है कि अब मोदी सरकार 'भारत' शब्द का इस्तेमाल हर मंच पर करने वाली है। संविधान सभा में स्वतंत्रता सेनानी हरगोविंद पंत ने कहा था, जहां तक 'इंडिया' शब्द की बात है, तो मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर इससे इतना लगाव क्यों है? हमें यह जानना चाहिए कि यह नाम विदेशियों ने हमें दिया था। उन विदेशियों ने हमारी स्वतंत्रता छीन ली और देश की संपत्ति को हथिया लिया था। अगर इसके बाद भी हम 'इंडिया' शब्द को चुनते हैं, तो इससे साबित होगा कि हमें जरा भी शर्म नहीं होगी एक ऐसे नाम पर, जो विदेशियों ने हम पर थोपा था। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि हम क्यों इस शब्द को स्वीकार कर रहे हैं। क्या है 'भारत' और 'इंडिया' का विवाद और इसके पीछे की राजनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### भारत नाम की उत्पत्ति

जंबुद्वीपे, भरत खंडे, आर्यावर्ते, भारतवर्षे, ये वो शब्द हैं, जिनका उच्चारण भारत में पूजा के दौरान संकल्प लेते समय निवास स्थान से पहले किया जाता है। संस्कृत में जंबू द्वीप का अर्थ है जहां जंबू के पेड़ उगते हैं, यानी जहां जामुन के पेड़ उगते हैं। ऐसे अनेक उल्लेख हैं कि इस केंद्रीय भूमि पर, यानी आज के भारत में किसी काल में जामुन के पेड़ों की बहुलता थी। इसी वजह से इसे जंबू द्वीप कहा गया। यह भी कहावत है कि यह द्वीप जामुन जैसा दिखता था, तो इसका नाम जंबू द्वीप पड़ा। वहीं पौराणिक काल में भरत नाम के कई संदर्भ मिलते हैं। जैसे राजा दशरथ के बेटे और राम के छोटे भाई भरत। नाट्यशास्त्र के रचयिता भरत मुनि, पुरुवंश के राजा दुष्यंत और शकुंतला के बेटे भरत, जिनका जिक्र महाभारत में भी है। महाभारत में भरत को सोलह सर्वश्रेष्ठ राजाओं में गिना गया है। पौराणिक मान्यताओं को आधार मानने पर भारत नाम के पीछे दुष्यंत के बेटे भरत का भी जिक्र आता है। ऋग्वेद की एक शाखा ऐतरेय ब्राह्मण में भी दुष्यंत के बेटे भरत के नाम पर भारत नामकरण का तर्क है। इसमें भरत को एक चक्रवर्ती राजा, यानी चारों दिशाओं को जीतने वाला राजा कहा गया। ऐतरेय ब्राह्मण में इसका भी जिक्र है कि भरत ने चारों दिशाओं को जीतने के बाद अश्वमेध यज्ञ किया, जिसके चलते उनके राज्य को भारतवर्ष कहा गया। नामकरण के सूत्र जैन परंपरा तक में मिलते हैं। भगवान ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र महायोगी भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। संस्कृत में वर्ष का एक अर्थ इलाका, बंटवारा, हिस्सा आदि भी होता है। प्राचीन काल से भारत के अलग-अलग नाम रहे हैं। जैसे जंबूद्वीप, भारतखंड, हिमवर्ष, अजनाभवर्ष, भारतवर्ष, आर्यावर्त, हिंद, हिंदुस्तान और इंडिया। हालांकि, इनमें सबसे ज्यादा प्रचलित नाम भारत रहा है। वैसे यदि देखा जाये, तो आज का भारतवर्ष जंबूद्वीप से काफी छोटा है, तब के भारतवर्ष में ही आर्यावर्त स्थित था। आज का हमारा भारत ना ही जंबूद्वीप है और न पौराणिक भारतवर्ष जितना बड़ा। समय के साथ भारत का भाग बंटता चला गया और इसका आकार घटता चला गया। इस्लाम धर्म और इसाइ धर्म की उत्पत्ति के पूर्व लिखित प्राचीन ग्रंथ के अनुसार 'हिमालयात् समारभ्य यावत् इंदु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिंदुस्थान प्रचक्षते॥' अर्थात : हिमालय से प्रारंभ होकर इंदु सरोवर (हिंद महासागर) तक यह देव निर्मित देश हिंदुस्थान कहलाता है। मत्स्य पुराण में मनु को प्रजा को जन्म देने और उसका भरण-पोषण करने के कारण भरत कहा गया। जिस क्षेत्र पर मनु का राज था, उसे भारतवर्ष कहा गया। जैन धर्म के धार्मिक ग्रंथों में भी भारत नाम का जिक्र मिलता है। कहा जाता है कि भगवान ऋषभदेव के बड़े बेटे महायोगी भरत के नाम पर देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। विष्णु पुराण में एक श्लोक है, उत्तर यत्समुद्रस्य हिताद्रेश्चैव दक्षिणम। वर्ष तत भारतम नाम भारती यत्र संततिः।। यानी, जो समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण में है, वह भारतवर्ष है और हम उसकी संतानें हैं।



### कहां से आया इंडिया

कई लोगों का मानना है कि इंडिया हमारे देश का नाम कैसे हो सकता है, हमारा देश का नाम तो भारत था, है और रहेगा। हमारा इतिहास भारत के नाम से जुड़ा है, मान्यतायें भी इसी नाम से जुड़ी हैं। अंग्रेजों ने सिंधु घाटी को अंगेजी में इंडस वैली कर दिया अपनी सुविधा के लिए और उस इंडस से इंडिया कर दिया अपनी सुविधा के लिए। अब उस नाम को भारतवर्ष पर थोप दिया गया। भारत के इंडिया हो जाने का सारा गणित यहीं से शुरू होता है और इसके पीछे सिंधु नदी अपना काम करती है। इतिहासकारों के अनुसार मध्यकाल में जब भारत पर तुर्क और ईरानी आये तो उन्होंने सिंधुघाटी में प्रवेश किया। वे 'स' का उच्चारण 'ह' किया करते थे और इस तरह सिंधु को उन्होंने हिंदू के रूप में पुकारा और आगे इस राष्ट्र का नाम हिंदुस्तान हो गया। बाहरहाल, उस कालखंड में 'स' के 'ह' उच्चारित किये जाने और हमारे देश का नाम हिंदुस्तान पड़ जाने की यह धारणा जहां एक ओर काम कर रही थी, वहीं भारत के दूसरे नामकरण की प्रक्रिया में इस राष्ट्र का सिंधु घाटी की सभ्यता का होना भी काम कर रहा था। हमारे संतो की माने तो हिंदू शब्द का जिक्र हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है, वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे, ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया। बता दें कि लैटिन बड़ी पुरानी भाषा रही जो रोमन साम्राज्य की आधिकारिक भाषा थी। अंग्रेजों के आगमन के साथ ही उस समय हिंदुस्तान के रूप में चर्चित हमारा देश इंडस वैली यानी की सिंधु घाटी की सभ्यता के रूप में भी पहचाना जाता रहा। ऐसे में अंग्रेजों ने इसे इंडस वैली के लिए लैटिन में प्रयोग होने वाले इंडिया को ही हमारे देश का नाम दे दिया और ऐसे ही हमारे देश का नाम इंडिया पड़ गया।

### संविधान सभा में भारत के नाम पर तर्क

भारत का संविधान मूल रूप से अंग्रेजी में लिखा गया था। जो भी ड्राफ्ट पेश किया गया और बहस के दौरान जो भी प्रस्ताव रखे गये, वो अंग्रेजी में थे। संविधान सभा की बहस के दौरान 17 सितंबर 1949 को संघ का नाम और राज्य क्षेत्र खंड चर्चा के लिए पेश हुआ। जैसे ही अनुच्छेद 1 पढ़ा गया, 'इंडिया दैट इज भारत शैल बी ए यूनियन ऑफ स्टेट्स', संविधान सभा में इसे लेकर मतभेद उभर आये। फॉरवर्ड ब्लॉक के सदस्य हरि विष्णु कामथ ने अंबेडकर कमेटी के उस मसौदे पर आपत्ति जतायी, जिसमें देश के दो नाम 'इंडिया' और 'भारत' थे। इसके बाद उन्होंने संशोधन प्रस्ताव रखा, जिसमें 'इंडिया' की जगह 'भारत' नाम सुझाया गया। एक अन्य सदस्य सेठ गोविंद दास ने कहा कि वेदों, महाभारत, कुछ पुराणों और चीनी यात्री ह्वेन सांग के लेखों में 'भारत' देश का मूल नाम था। इसलिए स्वतंत्रता के बाद संविधान में 'इंडिया' को प्राथमिक नाम के रूप में नहीं रखा जाना चाहिए। संयुक्त प्रांत के पहाड़ी जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हरगोविंद पंत ने भारत के पक्ष में मजबूत तर्क दिया था। संविधान सभा की बहस में हरगोविंद पंत ने 'इंडिया' की बजाय 'भारत' या 'भारतवर्ष' के पक्ष में दलीलें दी थीं। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में कहा, मैं देश के नाम को लेकर एक प्रस्ताव रख रहा हूं। हमें 'इंडिया' की जगह 'भारत' या 'भारतवर्ष' करना चाहिए। मुझे ये जानकर खुशी हो रही है कि नाम में बदलाव को स्वीकार किया गया है। पंत ने तर्क दिया, पुरातन काल से हमारे देश को 'भारत' या 'भारतवर्ष' के नाम से संबोधित किया जाता है। ये शब्द उत्साह और साहस को दर्शाता है। पंत ने कहा कि जहां तक 'इंडिया' शब्द की बात है, तो मुझे ये समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर इससे इतना लगाव क्यों है? हमें यह जानना चाहिए कि ये नाम विदेशियों ने हमें दिया था। उन विदेशियों ने हमारी स्वतंत्रता छीन ली और देश की संपत्ति को हथिया लिया था। अगर इसके बाद भी हम 'इंडिया' शब्द को चुनते हैं, तो इससे साबित होगा कि हमें जरा भी शर्म नहीं होगी एक ऐसे नाम पर, जो विदेशियों ने हम पर थोपा था। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि हम क्यों इस शब्द को स्वीकार कर रहे हैं। यूनाइटेड प्रोविंस के हिल्स जिलों के प्रतिनिधि के तौर पर पंत ने साफ किया था कि वह केवल 'भारतवर्ष' नाम चाहते हैं। हालांकि पंत का प्रस्ताव पूरी तरह से संविधान सभा में स्वीकृत नहीं किया गया था। बाद में आर्टिकल 1 में 'इंडिया दैट इज भारत' नाम रखा गया। हरगोविंद पंत स्वतंत्रता सेनानी थे। पंत ने नमक सत्याग्रह और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया था। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें नजरबंद भी किया गया था। आजादी के बाद वह संविधान सभा के सदस्य भी बने थे। 1957 में हरगोविंद लोकसभा के लिए चुने गये और बाद में लोकसभा में डिप्टी स्पीकर बने थे।

### क्या 'इंडिया' की जगह 'भारत' का प्रयोग हो सकता है

इन सबके बीच सवाल उठ रहा है कि क्या आधिकारिक तौर पर 'इंडिया' की जगह 'भारत' का प्रयोग हो सकता है। यदि यह संभव है, तो इसके लिए क्या कदम उठाने होंगे। कानून के जानकारों की मानें, तो भारत का संविधान मूल रूप से अंग्रेजी में लिखा गया। इसके आर्टिकल 1 (1) में लिखा है 'इंडिया दैट इज भारत, शैल बी ए यूनियन ऑफ स्टेट'। संविधान की हिंदी कॉपी में लिखा है 'भारत अर्थात इंडिया, राज्यों का संघ होगा'। यानी हमारे देश का नाम 'भारत' और 'इंडिया' दोनों है। इन दोनों का इस्तेमाल संवैधानिक है। अगर इन दोनों नामों के इतर कोई 'हिंदुस्तान', 'आर्यावर्त' या 'जंबूद्वीप' लिखने लगे, तो इसे संविधान के खिलाफ माना जायेगा। कानूनी और संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि ऑफिशियल कम्युनिकेशन में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' के उपयोग में कोई गैर कानूनी जैसी बात नहीं है। हालांकि संवैधानिक विशेषज्ञ इस एक बात पर एकमत थे कि सरकार यदि प्रस्तावना में 'इंडिया' की जगह 'भारत' जोड़ना चाहती है, तो संविधान संशोधन करना पड़ेगा। इसके लिए लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से पारित होने वाले संवैधानिक संशोधन की जरूरत होगी› साथ ही कम से कम आधे राज्यों द्वारा इसकी पुष्टि। संविधान संशोधन की प्रक्रिया आर्टिकल 368 में दी गयी है। संसद के पास ये शक्ति है कि वह संविधान संशोधन कर सकती है।

### योगी भी उठा चुके हैं मांग

2014 में योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश किया था। इसमें संविधान में 'इंडिया' शब्द के स्थान पर 'हिंदुस्तान' शब्द की मांग की गयी थी, जिसमें देश के प्राथमिक नाम के रूप में 'भारत' का प्रस्ताव किया गया था। जून 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी। इसमें संविधान में दर्ज 'इंडिया दैट इज भारत' को बदल कर केवल भारत करने की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ता का तर्क था कि 'इंडिया' ग्रीक शब्द 'इंडिका' से आया है। इसलिए इस नाम को हटाया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अदालत से अपील की थी कि वह केंद्र सरकार को निर्देश दे कि संविधान के अनुच्छेद-1 में बदलाव कर देश का नाम केवल 'भारत' कर दिया जाए। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने याचिका को खारिज करते हुए इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि संविधान में पहले से ही 'भारत' का जिक्र है। संविधान में लिखा है 'इंडिया दैट इज भारत'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस याचिका को संबंधित मंत्रालय में भेजा जाना चाहिए और याचिकाकर्ता सरकार के सामने अपनी मांग रख सकते हैं।

---

## दुमका कोर्ट में ही होगा प्रदीप यादव पर दर्ज यौन शोषण केस का ट्रायल

आजाद सिपाही। संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का केस करने वाली महिला की ट्रांसफर पीटीशन पर झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. अदालत ने प्रार्थी की याचिका को खारिज करते हुए यह निर्देश दिया है कि मामले का ट्रायल दुमका सिविल कोर्ट में ही होगा. प्रार्थी ने इस केस का ट्रायल दुमका, सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने के लिए याचिका दाखिल की थी. जिस पर हाईकोर्ट में बुधवार को जस्टिस



संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता संदीप वर्णवाल ने बहस की. आरोप लगाने वाली महिला ने अपनी याचिका में कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है. उसने विधायक पर जो केस किया है, उसका ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रहा है. प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता ने बहस की.

## कैरम खेल रहे दोस्तों के बीच मारपीट, एक की मौत

आजाद सिपाही। संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में कैरम के खेल में विवाद इतना बढ़ा कि एक व्यक्ति की मौत हो गयी। हाथापाई के दौरान 25 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना देर रात मंगलवार 8.30 से 9.00 बजे के बीच की बतायी जा रही है।

**कैरम खेलने के दौरान हुई मारपीट :** फेकू महतो उर्फ सोमनाथ अपने दोस्तों के साथ कैरम बोर्ड खेल रहा था। मृतक के भाई ने बताया कि मोनू कुमार लगभग 20 वर्षीय पिता लखन महतो ने मेरे बड़े भाई को आकर पीछे से माथे पर मारा। फेकू ने मोनू से सवाल किया क्यों मारा ? तब मोनू से कहा और मारेंगे क्या करोगे? इसी दौरान मोनू जोर - जोर से मेरे बड़े भाई को मारने लगा, हाथापाई होते-होते बात आगे बढ़ी और दोनों में झड़प हो गयी।

### मजाक में शुरू हुई मारपीट

मोनू लगातार फेकू को मारता रहा उसे अधमरा कर दिया, इसी दौरान धक्का देने से सीढ़ी के पास गिर गया, सीने में गहरी चोट लग गयी। परिजनों ने जाकर देखा कि उनके पुत्र के मुंह से खून आ रहा है। मृतक के पिता ने बताया कि सभी युवक कैरम बोर्ड खेल रहे थे तभी यह घटना घटी। फेकू को साहिबगंज लेकर जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### मृतक के परिजन कर रहे न्याय की मांग

पिता ने बताया कि साहिबगंज से जब हम लोग मृतक फेकू को लेकर आ रहे थे तभी तीनपहाड़ थाना पुलिस बॉडी को थाना लेकर आ गयी। थाना के बहार सैकड़ों की संख्या महिलाएं एवं पुरुष की भीड़ लग गयी। तीनपहाड़ थाना में परिजनों ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए, पुलिस प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगायी है। इस दौरान थाना पुलिस कानूनी प्रक्रिया करते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया गया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा प्रदीप कुमार उरांव ने बताया कि मामले में जांच की जा रही, एक को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड अवैध खनन केस : बच्चू यादव को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही। संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने बच्चू यादव की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें नियमित जमानत की सुविधा दी है.

इससे पहले झारखंड हाइकोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है. जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी.



### 26 जुलाई 2022 को ईडी ने जब्त की थी दाहू और बच्चू यादव की जहाज

बता दें कि अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने के मामले की जांच ईडी कर रही है. ईडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है. ईडी साहिबगंज में 26 जुलाई 2022 को दाहू यादव और बच्चू यादव के एक जहाज को जब्त कर चुकी है.




**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °C | 23.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |

### झामुमो का भाजपा पर जवाबी हमला, जारी किया 2018 का ऑडियो

# हिम्मत है तो जवाब दें बाबूलाल और रघुवर : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने बुधवार को एक पुराना ऑडियो जारी कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को जवाब देने की चुनौती दी। मीडिया से बातचीत के दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मरांडी के सलाहकार सुनील तिवारी पर भी प्रहार किया। सुप्रियो ने 2018 में बाबूलाल मरांडी द्वारा जेवीएम कार्यालय में की गयी प्रेस कांफ्रेंस का ऑडियो जारी किया, जिसमें मरांडी यह कहते बताये जा रहे हैं कि किस-किस भाजपा नेता ने किस-किस जेवीएम विधायक को करोड़ों रुपये का भुगतान किसके माध्यम से और किसकी निगरानी में किया। ऑडियो जारी करने के साथ ही सुप्रियो ने इससे संबंधित सवाल भी पूछ डाले और कहा कि इसका जवाब न तो आज बाबूलाल मरांडी दे सकते हैं और न रघुवर दास और न ही कोई स्थानीय नेता।



## ऑडियो टेप में क्या है

ऑडियो टेप में बाबूलाल मरांडी कहते बताये जा रहे हैं कि रणधीर कुमार सिंह को दो करोड़ रुपये महेश पोद्दार ने दीपक प्रकाश की निगरानी में दिया। नवीन जायसवाल को दो करोड़ रुपये चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा दीपक कुमार वर्मा की निगरानी में मिले। अमर कुमार बाउरी को एक करोड़ रुपया विरंची नारायण द्वारा संजय सेठ की निगरानी में दिये गये। आलोक कुमार चौरसिया को दो करोड़ रुपये अनंत ओझा द्वारा उषा पांडेय की निगरानी में दिये गये। जानकी प्रसाद यादव को दो करोड़ रुपये मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा राजेंद्र सिंह की निगरानी में दिये गये। ऑडियो में फिर आवाज सुनाई देती है: वो लिखते हैं कि उपरोक्त 11 करोड़ रुपये से संबंधित सारी पर्ची, पावती पर्ची मुख्यमंत्री को सौंप दिये गये हैं और शेष राशि 36 माह के बाद खुद राज्य के मुख्यमंत्री उन लोगों को राकेश प्रसाद की निगरानी में उपलब्ध करायेंगे।

## टेप सुनाने के बाद सुप्रियो ने कहा

सुप्रियो ने कहा कि चूंकि अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हैं, तो यह सुनिश्चित होना चाहिए कि जो तत्कालीन विधायकों, जो वर्तमान में भी विधायक हैं, के बचे हुए पैसे उन तक पहुंचे या नहीं, क्योंकि अब तो बाबूलाल मरांडी का पूरा दायित्व बनता है कि उन तक उनकी बची हुई शेष राशि पहुंचवा दी जाये, क्योंकि अब तो वह स्वयं प्रदेश अध्यक्ष हैं और रघुवर दास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। सुप्रियो ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि बाबूलाल मरांडी को क्या हो गया है। वह तो कह सकते हैं कि कुतुब मीनार से तो वह कूद ही गये थे, पर भाजपा वालों ने थाम लिया।

सुप्रियो ने कहा कि मरांडी हजारीबाग में कहते हैं कि 10 हजार करोड़ का घोटाला किया। आंकड़ा भी जारी कर दिया, लेकिन तथ्य नहीं प्रस्तुत कर सके और न ही बैलेंस शीट दिया। सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने जो 2018 में बयान दिया, वह उस बयान से अब कैसे मुकरेंगे। अगर आपको भ्रष्टाचार से लड़ना है, तो आप बोलिये कि आपके नेता ने 20 लाख करोड़ रुपये बैंक कर्जा के राइट ऑफ कैसे कर दिये। आप पूछिये अपने इडी के मित्रों से, विदेश मंत्रालय से कि प्रतिष्ठित वकील हरीश साल्वे की तीसरी शादी में ललित मोदी क्या कर रहे थे। पूरी दुनिया में इसका विजुअल मौजूद है।

सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल मरांडी बतायें कि उनके सलाहकार सुनील तिवारी की कंपनी से आपको बैंक के द्वारा पैसा कैसे भेजा जाता था, जब आप जेवीएम चलाते थे। सुनील तिवारी योगेंद्र तिवारी के साथ मिलकर कौन सा व्यवसाय करते थे। कैसे आप अपने आपको बचायेंगे। आप कभी रघुवर दास के खिलाफ खुलकर बोला करते थे। आज तो आप दोनों एक ही पार्टी में हैं, तो 2018 वाले प्रकरण पर आपका स्टैंड क्या है।

कभी आप ही सदन में कहा करते थे कि भ्रष्टाचार के कारण आपको रातों को नींद नहीं आती, पर सच्चाई यही है कि आपके ही शासनकाल में भ्रष्टाचार का बीज बोया गया। तभी तो जब उस प्रकरण पर जांच बैठी, तो रघुवर दास ने उस जांच को क्यों रोक दिया, क्लीन चिट सभी को कैसे दे दी गयी। सुप्रियो ने कहा कि लोगों के बीच मिथ्याचार फैलाना, उन्हें बरगलाना, यही आप सभी का काम रह गया है। छत्तीसगढ़ में चुनाव होना है, तो वहां भी कहा जा रहा है कि घोटाला हुआ। राजस्थान में लाल डायरी खोजी जा रही है। मध्य प्रदेश में जब नित्य दिन घोटाले उजागर हो रहे हैं, तो उन पर पर्दा डाला जा रहा है। गुजरात में, जहां ढाई दशकों से भाजपा का शासन है, वहां की विद्युत निगम कंपनियां अडाणी पर चोरी के आरोप लगा रही हैं, कह रही हैं कि वह पैसे ठगी है। कभी बाबूलाल मरांडी भी गोड्डा में अडाणी के खिलाफ मुखर हुआ करते थे और आज उनका समर्थन कर रहे हैं। मतलब यह जो धप्पा करके भागने का काम जो बाबूलाल कर रहे हैं, उन्हें झामुमो बता देना चाहता है कि उनको जल्द ही एक्सपोज किया जायेगा।

### संकल्प सभा में लगाये आरोप : हेमंत सोरेन सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी

# मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा, चाहे जितना दौड़ लगाये : बाबूलाल मरांडी


**झारखंड को हेमंत सरकार से मुक्त और भाजपा को मजबूत करने का किया आह्वान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बगोदर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सरिया में बगोदर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित किया। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। कहा कि भ्रष्ट, निकम्मी विकास विरोधी सरकार से झारखंड के विकास की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि राज्य में 10 हजार करोड़ के घोटाले उजागर हुए हैं। लोहा, कोयला, पत्थर की लूट हुई है। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा और बिचौलिये-दलाल बड़े-बड़े ट्रकों में भरकर राज्य के बालू को दिल्ली मुंबई, कोलकाता ले जा रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबों, आदिवासियों की जमीन को लूटा गया है। आज खान-खनिज, जमीन, पत्थर-बालू की लूट की जांच इडी-सीबीआइ कर रही, कई बड़े ऑफिसर गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री इडी के दफ्तर जाने से घबरा रहे। मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने लाल किले से 'न खायेंगे न खाने देंगे' की कसम खायी है। कोई कहीं दौड़ लगा लें, कोई भ्रष्टाचारी बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज राज्य की विधि-व्यवस्था ध्वस्त है। रोज लूट, हत्या, बलात्कार अपहरण, फिरौती की वारदातें हो रहीं। लेकिन राज्य की पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ रही। राज्य की पुलिस वसूली में लगी है या फिर हेमंत सरकार का विरोध करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने में। पुलिस, पदाधिकारी पद पोस्ट को रिचार्ज कराने की बात कहते हैं। किसी भी ऑफिस में आज बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। राशन कार्ड में बहू का नाम भी बिना पैसे का नहीं चढ़ता। छोटे काम के लिए भी हजारों में घूस देनी पड़ रही। सरकार सड़कों की मरम्मत भी नहीं करवा रही। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, दवाई नहीं, गरीबों को एंबुलेंस नहीं। हेमंत सरकार केंद्र सरकार द्वारा भेजे गये अनाज को भी लुटवा रही। गरीबों को महीनों तक अनाज नहीं मिल रहा। कई नियुक्ति वर्ष बीत गये, लेकिन बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं मिली। राज्य में लाखों पद खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा सरकार की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य को बनाया। उनकी सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कें पहुंचायीं। सर्व शिक्षा अभियान से गांव के युवक-युवतियों को पारा शिक्षक नियुक्त किया। पुल-पुलियों का जाल बिछाया और पिछले 9 वर्षों से मोदी सरकार ने झारखंड में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये। 5 मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स, हवाई अड्डा, बड़े-बड़े हाइवे का निर्माण कराया।

मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित के विकास के लिए समर्पित है। जनधन खाता, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना से गरीबों की विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। कोरोना की चुनौतियों के बीच मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया, कोई भूखा नहीं सोये, इसके लिए प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज की व्यवस्था की, जनधन खाता में पैसे भेजे। किसानों के खाते में छह हजार रुपये सम्मान निधि प्रति वर्ष मिल रहे। उन्होंने कहा कि घर-घर बिजली की व्यवस्था यह मोदी सरकार की देन है और अब हर घर नल जल की योजना से पीने का पानी सुनिश्चित कराया जा रहा। भाजपा की सरकार बनती है तो चौतरफा विकास होता है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकारों में लूट भ्रष्टाचार, अपराध की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अपराध, दलाल, बिचौलिया मुक्त झारखंड बनाने के लिए भाजपा को मजबूत करें। मरांडी ने 2024 में केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा को जिताने और राज्य में भी भाजपा की मजबूत सरकार बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। सभा में पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, नागेंद्र महतो, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रभारी अमित तिवारी, वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित थे।




## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों की सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की

**मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची द्वारा आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही-हांडी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूरे देश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है। ऐसे में जन्माष्टमी के अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में बुधवार को दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खराब मौसम और बारिश के बावजूद यहां उपस्थित भक्तजनों का उत्साह श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है।

मैं यहां उपस्थित सभी भक्तजनों का इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद देता हूं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुझे भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिला है। आज देश और देश के बाहर भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज के इस पावन अवसर पर राज्य के भीतर कई जगहों पर बड़ी समूहों द्वारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, भगवान श्री कृष्ण के भक्तजन अपने-अपने घरों पर भी इस पर्व को काफी श्रद्धापूर्वक मना रहे हैं। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा का पर्व है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर मैं राज्य एवं देशवासियों को अपनी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले वर्षों में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी कार्यक्रम और मजबूती और उत्साह के साथ हम सभी लोग मनाएंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। एक बार यहां उपस्थित सभी भक्तजनों को पुनः मैं अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक अनूप सिंह विधायक राजेश कच्छप, कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग एवं भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



सभी फोटो : प्रदीप ठाकुर।

## दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

रांची। रांची से मोराबादी स्थित बुधवार को दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कल 6 टीमों ने भाग लिया। रात 9:45 बजे पुरुष वर्ग की गोविंदा टीम ने मानव पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ने का प्रयास शुरू किया। पहले, दूसरे और तीसरे प्रयास में टीम असफल रही। दूसरा प्रयास मांडर की टीम ने की और असफल रही। नेशनल स्कूल ऑफ योगा की टीम ने पहले ही प्रयास में दही हांडी फोड़ दी। इस टीम ने मात्र 44 सेकंड में पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ने में सफल रही। दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने मांडर, खूंटी और रांची की टीमें पहुंची थीं। वहीं लड़कियों की टीमों में नेशनल ऑफ योगा की टीम ने एक मिनट नौ सेकेंड में मटकी फोड़ी। प्रथम पुरस्कार नेशनल ऑफ योगा टीम पुरुष को 50,000 नगद एवं एक गोल्ड मेडल शिवचंद्र ज्वैलर्स के तरफ से, द्वितीय पुरस्कार मंडल पुरुष की टीम 25000 नगद, वहीं महिला वर्ग प्रथम पुरस्कार नेशनल योगा गर्ल्स टीम 50,000 नगद एवं एक गोल्ड मेडल शिवचंद्र ज्वैलर्स के तरफ से दिया गया।

# भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक : राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और दार्शनिक कहे जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध में सही और गलत का ज्ञान दिया था, जो भगवत गीता गीता में उद्धृत है। भगवत गीता में जीवन दर्शन है, जहां से हम सही जीवन जीने का तरीका सीखते हैं। राज्यपाल बुधवार को भक्तिवेदांत विद्या भवन, गुरुकुल, मुरी की ओर से आयोजित राधारमण महोत्सव (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और विग्रह प्राणप्रतिष्ठा) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सही जीवन जीने का तरीका भी सिखाया जाता है। उन्हें आध्यात्मिक, कृषि, गौपालन, पाक कला, आतिथ्य इत्यादि का भी ज्ञान दिया जा रहा है। इससे उनमें अखंडता, करुणा, दया, सहनशीलता, स्वच्छता की भावना विकसित होगी। इस प्रकार हमारे बच्चे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ चहुंमुखी प्रतिभा के धनी होंगे और भारत फिर से एक बार विश्व गुरु बनने के राह पर अग्रसर होगा। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ किताबी ज्ञान का होना नहीं है बल्कि उस ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करना है। भविष्य में कई चुनौतियां सामने आयेंगी और असफलता भी मिलेगी लेकिन इससे घबराकर निराश नहीं होना है और सफलता के लिए चुनौतियां का सामना करना है। सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता और मानवता के सिद्धांतों पर चलकर और प्रतिबद्ध होकर अपने कार्यों को करेंगे, तो सफलता के साथ-साथ खुशी भी मिलेगी। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जेपीएससी की परीक्षा में उम्र सीमा में छूट की मांग की याचिका पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन में आयु सीमा में 5 वर्ष के अतिरिक्त छूट की मांग की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा, नियुक्ति के लिए कितनी बार प्रक्रिया की गयी है, जिसपर जेपीएससी के अधिवक्ता ने बताया कि समय-समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गयी है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की। अब 9 सितंबर को इस मामले की सुनवाई होगी। इस संबंध में अभ्यर्थी धर्मेंद्र कुमार ने याचिका दाखिल की है।

# उदय निधि स्टालिन का पुतला दहन विहिप ने की कड़ी कार्रवाई की मांग




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध की गयी आपत्तिजनक धमकी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के अलग-अलग जिलों में स्टालिन का पुतला दहन किया गया। विगत दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को डेंगू और मच्छर की तरह कुचल कर मार देने की बात कही गयी थी। इस मामले की विश्व हिंदू परिषद द्वारा घोर निंदा की गयी। यह अपमान पूरे विश्व में रहे करोड़ों सनातनियों का अपमान है। अपमान के विरोध में विश्व हिंदू परिषद जमशेदपुर में साकची गोल चक्कर पर, सिमडेगा के महावीर चौक पर, एवं अन्य स्थानों में विहिप, बजरंग दल के द्वारा उदयानिधि स्टालिन का पुतला दहन कर उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं।

## विहिप का स्थापना दिवस मनाया गया

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस हटिया चौक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर रांची महानगर के मिलन केंद्र प्रमुख मुकेश गिरि ने मुख्य रूप से विहिप की स्थापना के उद्देश्य, कार्य एवं उपलब्धियां के बारे जानकारी दी गयी। कार्यक्रम श्री कृष्ण भगवान की पूजन और हनुमान चालीसा पाठ से प्रारंभ हुई और आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कुमार मिश्र, नर्मदेश्वर मिश्र, संजीव कुमार, आनंद शर्मा, संजय कुमार मिश्र, सुरेंद्र गुप्ता, डॉक्टर प्रेम प्रकाश मिश्र सहित अन्य शामिल थे।

## अल्बर्ट एक्का चौक में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शुरू

# जन्माष्टमी महोत्सव में श्री कृष्ण के बाल रूप में पधारे बच्चों ने मन मोहा

**राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज करेंगे दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या का उद्घाटन**

**विशिष्ट अतिथि के रूप में सुदेश महतो भी शामिल रहेंगे**









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्री गणेश स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री कृष्ण के बाल गोपाल, झांकी प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा बच्चों बच्चियों ने कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित की गयी थी। प्रथम ग्रुप में 6 महीने से 6 वर्ष तक के तकरीबन 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। वही दुतिये ग्रुप में 7 साल से 12 साल तक के 60 बच्चों ने हिस्सा लिया। आज के प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बालकृष्ण के रूप और फैंसी ड्रेस के साथ हिस्सा लिया। रंग बिरंगी ड्रेस, हाथ में बांसुरी, पांव में घुंघरू, हाथों में कड़े, गले में सुंदर सी माला बच्चों की यह अति सुंदर झलक लोगों का मनमोह रहा था। लग रहा था जैसे सचमुच वृंदावन से कन्हैया स्वयं बाल रूप में माखन खाने पहुंच चुके है। दीप प्रज्ज्वलित कर श्री कृष्ण के बाल रूप झांकी सहित मां गंगा की भव्य रूप झांकी का उद्घाटन सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, अध्यक्ष मुकेश काबरा के संग रांची के सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के दो ग्रुप के बीच प्रथम व द्वितीय पुरस्कार के अलावा सभी बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया। दोनों ग्रुप में सर्वश्रेष्ट विशेष पुरस्कार राघव को मिला।



7 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के बीच प्रथम - निखिल राज दुतिये- आनया कुमारी को मिला। इस अवसर पर कन्हैया इवेंट के द्वारा भव्य नृत्य प्रस्तुति का लोगों ने आनंद उठाया। वहीं बाल गोपाल लीलाओं का भावपूर्ण दर्शन विपुल नायक की टीम के द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज सहित माखन मिश्री ,पंजीरी, फल, रबड़ी का भोग भी लगाया गया जिसे जन मानस के बीच वितरण किया गया। 7 सितंबर को संध्या 5 बजे से दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नित्य नाट्य मंचन का आयोजन रखा गया है । इस दही-हांडी प्रतियोगिता का उदघाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन करेंगे।

बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में पूनम आनंद, नीलम चौधरी, कुमुद झा, राजश्री जयंती, चितलांगिया सहित समिति की महिलाओं ने अपना योगदान दिया।

वहीं बुधवार के आयोजन को सफल बनाने में संजय सेठ, सीपी सिंह, मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा, कुणाल आजमानी, रमेंद्र कुमार, राम बांगड़, ललित ओझा, संजय जायसवाल, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजीव विजयवर्गीय, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, भीषम सिंह, नीरज चौधरी, सतीश सिंहा, सतेंद्र सिंह गुड्डू, राजीव सहाय, रविंद्र मोदी, नीरज कुमार, विपिन वर्मा, मुकेश पांडेय, मनोज कुमार, आनंद श्रीवास्तव, रवि सिंह, प्रकाश धेलिया, लल्लू सिंह, रवि मुंडा, संतोष सेठ, रामशंकर बगड़िया, जुगल दरगढ़, कवल जीत सिंह सटी, अजय वर्मा, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, अमित चौधरी, बलराम प्रसाद, तुषार विजयवर्गीय, विजय ओझा, राजू रजक सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# जी-20 इंटरफेथ समिट में कुलपति ने दिया व्याख्यान

**एमआइटी- वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे में शापिंग वर्ल्ड पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट थ्रू इंटरफेथ हामोर्नी शीर्षक पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने विचार रखे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने एमआइटी- वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे में शापिंग वर्ल्ड पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट थ्रू इंटरफेथ हामोर्नी शीर्षक पर 05 से 07 सितंबर तक आयोजित जी-20 इंटरफेथ समिट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं और विशेषताओं पर अपना प्रेजेंटेशन देते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। साथ ही साथ उन्होंने एमआईटी - वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन कर अपने विश्वविद्यालय के फैकेल्टी मेंबर्स, रिसर्चर और छात्रों के लिए एक और कीर्तिमान उपलब्धि हासिल की। इस आपसी समझौते के बाद अब दोनो विश्वविद्यालयों के फैकेल्टी मेंबर्स, रिसर्चर और छात्रों के साथ फैकेल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, कॉलेब्रेटिव रिसर्च के कार्यक्रम क्रियान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के सभी संकायों के संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक गण एवं प्रशासनिक अधिकारियों यथा कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हेमंत सोरेन लीज आवंटन मामलाःकपिल सिब्बल हाइकोर्ट में बोले

# सुप्रीम कोर्ट इसी तरह की याचिका कर चुका है खारिज, नया कुछ भी नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खान मंत्री रहने के दौरान वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन ने अपने परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित की थी। इस मामले को लेकर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में चल रही थी। बुधवार को मुख्य न्यायधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। जहां सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ठीक इसी तरह की एक याचिका शिव शंकर शर्मा की ओर से दायर की गयी थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। ऐसे में इस याचिका में भी कुछ नया नहीं है। दरअसल परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित किये जाने को लेकर अधिवक्ता और आरटीआइ एक्टिविस्ट सुनील महतो की ओर से याचिका दायर की गयी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला एकदम अलग है। इसके तथ्य शिव शंकर शर्मा मामले से अलग है। प्रार्थी सुनील महतो की ओर से कहा गया कि वे शिव शंकर शर्मा और इस मामले में कैसे अंतर है, इसका ब्यौरा देना चाहते हैं। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। इसके बाद इस मामले की सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर निर्धारित की है। दायर याचिका के अनुसार खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनगड़ा में 88 डिसमिल जमीन पर माइनिंग लीज का आवंटन कराया है। वहीं, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन व उनकी बहन सरला मुर्मू की कंपनी सोहराई लाइवस्टोक प्राइवेट लिमिटेड के नाम चान्हो के बरहे औद्योगिक क्षेत्र में 11 एकड़ जमीन आवंटित किया गया।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कालोनी मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्रीमद् भागवत गीता का पाठ संस्कृत में पंडितो द्वारा समय सुबह 11:00 बजे से 1:00 बजे तक पढ़ा गया सुबह से ही मंदिर परिसर पर भक्तों का ताता लगा रहा एवं पूरा माहौल भक्ति में हो गया। तथा दोपहर मे समय 2:30 बजे से 6:00 बजे तक श्री हरि गीता जी का सामूहिक पाठ किया गया रात्रि 9:00 बजे से श्री दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा, मनोज किंगर, चंदन सिडाना और पवन मनुजा ज्योति अरोड़ा और उत्तर प्रदेश के मऊ से आए सुप्रसिद्ध गायक शुभम प्रताप सिंहद्वारा भजनो की गंगा बहाई गयी। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और मंदिर को विशेष रुप से सजया गया। भगवान के जन्म पर अलौकिक झाँकी प्रस्तुत कि गयी और मंदिर परिसर में आकर्षण का केंद्र रहे बाल गोपाल और राधा रानी का स्वरूप धारण किए हुए बच्चों को मंदिर कमेटी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ विधायक सीपी सिंह सतनारायण सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव पूर्व पार्षद सुनीता देवी, दिलीप गुप्ता सभी ने भगवान के दरबार पर हाजिरी लगायी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा के द्वारा दी गयी।

**इसके उपरांत**

रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय शंखनाद और ढोल नगाड़ों से पूरा मंदिर परिसर कृष्णमय हो गया उसके उपरांत आरती अरदास और प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल जसूजा मुखी राधेश्याम किंगर चंद्रभान तलेजा केशर पपनेजा रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, किशोरी किंगर, चुन्नीलाल पपनेजा चंदन सिडाना, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा कमल घई नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा, सुनील कटारिया, पवन पपनेजा, अनिल मुंजाल निखिल घई, उमंग मनुजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्डा, विकाश घई, ललित किंगर, सुशील गेरा, संजय पपनेजा देवराज, मनुजा मुकेश मुंजाल कौशल्या देवी, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा शकुंतला देवी मुंजाल ज्योति अरोड़ा नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा बबीता पपनेजा, शशि किंगर, सिम्मी पपनेजा, संगीता मिढा, रूबी अरोरा, निशा पपनेजा, कामना खत्री, निशा तलेजा पूजा जसूजा, रेखा घई, रश्मि कठपाल कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्डा, सुनीता विज, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्डा, भावना किंगर, पिंकी तलेजा छाया पपनेजा और इनके अलावा समाज के कई लोग अहम योगदान रहा।

## शिक्षक दिवस पर गोल इंस्टीट्यूट ने किया शिक्षकों को सम्मानित




**रांची (आजाद सिपाही)।** समाज और देश की सभ्यता और संस्कृति वहाँ के शिक्षकों पर ही निर्भर करती है। सभ्य, शिक्षित और सुसंस्कृत समाज की संरचना में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। जेएससीए स्टेडियम रांची में गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों को संबोधित करते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपीन सिंह ने कहा कि हम शिक्षकों के ऊपर समाज निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। हमें अपनी खुशियों से ऊपर छात्रों के हित का ख्याल रखना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि संबंधित विषय के शिक्षण के साथ-साथ छात्रों को नैतिक शिक्षा भी देनी चाहिये, ताकि छात्र अच्छे प्रोफेशन से जुड़ने के साथ-साथ नैतिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए अच्छे इंसान बनें। गोल इन्स्टीट्यूट की ज्वांइट डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने कहा कि हमारा संस्थान महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए छात्राओं और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने में सहयोग करेगा। समारोह का संचालन गोल इंस्टीट्यूट के रांची हेड काली प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया। काली प्रसाद सिंह ने कहा कि इंसान को जन्म तो उसके मातापिता देते हैं पर शिक्षक उन्हें जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं। वहीं संस्थान के अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षकों का बहुत अमूल्य योगदान है हमे शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर शुभम कुमार, मुस्तफा कमाल, पूनम कुमारी समेत अन्य लोग भी शामिल थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने 118वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर किया इ-गैलरी का उद्घाटन




**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया के 118वें स्थापना दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर राँची के बिरसा चौक और बरियातू में ई-गैलरी का उद्घाटन राष्ट्रीय बैंकिंग समूह झारखंड के महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ई-गैलरी के माध्यम से बिना बैंक शाखा गए ग्राहक बैंकिंग सेवाएँ जैसे कि पैसा जमा और निकासी के साथ-साथ तथा पासबुक मुद्रण भी कर सकेंगे। आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में और भी इस तरह के ई-गैलरी खोले जायेंग। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर राँची अंचल के अंतर्गत सभी 113 शाखाओं में ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया और बैंक की 118 साल की यात्रा में बने रहने के लिए ग्राहकों का आभार प्रकट किया। मौके पर मो अली हसन, रागिनी प्रसाद, अभय खाल्खो, अमित कुमार दूबे, आशा लकड़ा, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, उत्तम नवीन खाखा, दीक्षा, राम साहू, मोनिका कुजूर, मंजू देवी, संतोष सिंह, राज कुमार और बड़ी संख्या ग्राहक उपस्थित थे।

## कैरली स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** एचईसी टाउनशिप, सेक्टर -2, धुर्वा स्थित कैरली स्कूल में आज शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक श्री जेकौब सीजे, प्राचार्य श्री राजेश पिल्लई, उपप्राचार्या सुजा पिल्लई और केआर स्मृति ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का आरंभ शंखनाद से हुआ। स्कूल कॉयर ने प्रार्थना किया। शिक्षकों के सम्मान में छात्र-छात्राओं द्वारा एक समूह गीत गाया गया। विद्यार्थियों के आग्रहपर शिक्षकों ने पुरानी स्मृतियों के बारे बताया। विद्यार्थियों ने एक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। एक नुक्कड नाटक की शानदार प्रस्तुति हुई। विद्यालय प्राचार्य राजेश पिल्लई ने अपने संबोधन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिये उन्हें धन्यवाद देते हुए गुरु-शिष्य के महत्व के बारे कहा। उन्होंने बच्चों को अपना आर्शीवचन भी दिया। बारहवीं कक्षा के आर्यन सारंगी ने धन्यवाद ग्यापन दिया। उक्त कार्यक्रम में सभीशिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआइ में तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के तत्वावधान में दिनांक 6 से 8 सितंबर तक चलने वाले तीन-दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय संस्थान फुटबॉल टूनामेंट का विधिवत उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) सतीश झा, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, जेसीसी सदस्य और अधिकारी और कर्मचारीगण तथा सीएमपीडीआई परिवार के खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस टूनामेंट के पहले और उद्घाटन मैच क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद और क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के बीच हुआ। क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की टीम को 2-1 से पराजित किया। मुख्यालय टीम के सर्वश्री सुनेम आईंद, स्नेहाशीष सोरेन और दीपांकर कुंवर ने तीन-तीन गोल, प्रशांत भंडारी ने दो और जगदेव मुंडा और श्री सीबी सोनार ने एक-एक-गोल किया। वहीं तीसरा मैच क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल तथा क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली के बीच खेला गया। क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली को 5-0 से पराजित किया। आसनसोल की टीम के तरफ से श्री तपन मुर्मू ने तीन और श्री तापस राय एवं श्री संजीब बनर्जी ने एक-एक गोल किया जबकि चौथे मैच में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर का मुकाबला क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के बीच हुआ। बिलासपुर की टीम ने भुवनेश्वर की टीम को 1-0 से पराजित किया। बिलासपुर की टीम के तरफ से श्री शैलेंद्र कुमार ने एक गोल किया। इस टूर्नामेंट में सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली और क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर सहित कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची के जूनियर और सीनियर विंग में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दसवीं कक्षा के अर्पित सहाय ने कृष्ण की चेतावनी कविता का पाठ किया और दसवीं की छात्रा सौम्या झा ने श्रीकृष्ण के जीवन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जूनियर विंग के नन्हे - मुन्हें बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा के बालरूप की मनमोहक झाँकी प्रस्तुत की। इस उत्सव में दही-हाँडी प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सबसे कम समय में मटकी फोड़कर कीट्स सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं इलियट सदन द्वितीय, बायरन सदन तृतीय और शेक्सपियर सदन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने समस्त विद्यालय परिवार को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण का स्वरूप ही सर्व फलदाई है। उन्होंने मनुष्य को कर्म रूपी सबसे बड़ा शस्त्र प्रदान किया है।

कृष्ण ने गीता के महत्वपूर्ण श्लोक यदा यदा ही धर्मस्य की याद दिलाते हुए कहा कि किसी भी मनुष्य को कर्म के पथ पर अग्रसर होना चाहिए और उसे हमेशा सही रास्ते पर चलना चाहिए। अगर हम मनुष्य सत्य की राह पर चले और कर्म को सर्वश्रेष्ठ माने तो अपने जीवन में हार की कोई गुंजाइश ही नहीं बचती क्योंकि स्वयं कृष्ण ने कर्म का उपदेश दिया है। उन्होंने कृष्ण और सुदामा की मित्रता की याद दिलाते हुए विद्यार्थियों को वर्तमान समय में भी ऐसी ही मित्रता निभाने की बात कही और कहा कि मित्रता में कभी भी अमीर-गरीब, ऊंच-नीच की भावना इत्यादि का एहसास नहीं होना चाहिए। मित्रता में उदारता की भावना निहित होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्री कृष्ण का अवतार और उनका हर स्वरूप चाहे वह बाल रूप हो, चाहे ग्वाल रूप सब में केवल सहायता का भाव ही तो विद्यमान है। राधा कृष्ण के प्रेम को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमें राधा-कृष्ण के प्रेम से प्रेम निभाना सीखना चाहिए। प्रेम में समर्पण का भाव होता है स्वार्थ का नहीं। तभी आज दुनिया सर्वप्रथम राधा-कृष्ण के प्रेम को याद करती है।

कृष्ण का जीवन लोक मंगल की भावना से परिपूर्ण है। उन्होंने अनेक राक्षसों और अत्याचारियों का वध कर लोगों के जीवन को सुखमय बनाया। अतः हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर अत्याचार और अन्याय का विरोध दृढ़तापूर्वक करना चाहिए और लोकहित के कार्यों में जीवन को समर्पित कर देना चाहिए तभी विश्व का कल्याण संभव है।

# ट्रांसजेंडर्स के साथ हो रहे भेदभाव पर कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाज कल्याण विभाग रांची द्वारा बुधवार को उपविकास आयुक्त कार्यालय रांची में ट्रांसजेंडर्स के लिए पारित आदेश के संदर्भ में कार्यशाला प्रशिक्षण आयोजित किया गयी। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक कुमुद झा,अध्यक्ष दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन ने प्रशिक्षण दिया। इसमें समाज कल्याण विभाग रांची के सभी महिला पदाधिकारियों, पर्यवेक्षिका, सहायिका और सेविकाओं ने भाग लिया। सभी को इस कम्युनिटी की व्यवहार, रहन, सहन, अधिकारों सरकारी सुविधा और सुरक्षा, के बारे में जानकारी दी गयी। ताकि इनके साथ हो रहे भेदभाव को रोकने के लिए समाज को जागृत किया जा सके। सदन में भी ट्रांसजेंडर के आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा हुई है। कुमुद झा ने बताया इस तरह की कार्यशाला अगर सभी ब्लॉक और अंचल स्तर पर आयोजित हो तो ट्रांसजेंडर्स के प्रति हो रही भेदभाव व प्रताड़ना को आसानी से रोका जा सकता है।

# भोला मिष्टान्न भंडार अब कांके रोड के स्मार्ट बाजार में भी खुल गया

**संजय कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे उनकी लगन, मेहनत और ईमानदारी शामिल है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अपनी मिठाइयों के स्वाद से सबको लुभाने के लिए भोला मिष्टान्न भंडार की मिठाई अब रांची शहर में अपने तीसरे प्रतिष्ठान के साथ कांके रोड के रिलायंस स्मार्ट बाजार के प्रांगण में आ गया है। प्रतिष्ठान का उद्घाटन रिलायंस स्मार्ट बाजार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में भोला मिष्टान्न भंडार के संचालक संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्मार्ट बाजार में उपस्थित ग्राहकों के द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया और सभी लोगों ने भोला मिष्टान्न भंडार के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट मिठाइयों का स्वाद लिया। आपको बता दें की भोला मिष्टान्न भंडार राँची के लिए एक विश्वसनीय नाम बन चुका है। प्रतिष्ठान के उद्घाटन के मौके पर इसके संचालक संजय कुमार ने बताया की ग्राहकों की पसंद और विश्वास का नतीजा है कि उनके पिता स्वर्गीय भोला साव के द्वारा ज़िले के बीजूपाड़ा में एक छोटे से दुकान से शुरू किया गया यह व्यवसाय आज राँची में अपने चौथे प्रतिष्ठान के साथ कामयाबी की मुकाम हासिल कर रहा है। एक साधारण परिवार से आनेवाले संजय कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे उनकी लगन, मेहनत और ईमानदारी शामिल है। मिठाइयों की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा की उनके यहाँ बननेवाली सभी मिठाइयों में जो भी कच्चा सामान उपयोग किया जाता है, वे सभी वे खुद तैयार करते हैं। यहाँ तक कि मिठाइयों में इस्तेमाल किया जानेवाला दूध भी उनके गौशाले से लिये जाते हैं। इसके लिए उन्होंने खासकर गौशाला बनाया हुआ है जिसमें बहुत सारी गायें पाली जाती हैं। भोला मिष्टान्न भंडार की मिठाइयों का स्वाद यूँ ही बेहतर नहीं है। इसके पीछे संजय कुमार की मेहनत लगी हुई है। मिठाइयों को बनानेवाले कारीगर विशेष रूप से प्रशिक्षित एवं कुशल हैं। राजस्थान से नमकीन के कारीगर, बिहार से चाट बनानेवाले, ग्वालियर से घी के कारीगर जैसे विशेषज्ञ यहाँ काम करते हैं। इसके अलावा राँची के कई लोगों को भोला मिष्टान्न भंडार रोजगार प्रदान किए हुए है जिसमें ज्यादातर स्थानीय शामिल हैं। उद्घाटन के विशेष मौके पर स्मार्ट बाजार में आने वाले सभी ग्राहकों के लिए हर खरीद पर 50 रुपये का विशेष छूट दिया गया।

## कैपिटोल हिल में अवधी फूड फेस्टिवल दावत ए अवध का आयोजन आठ से




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची शहर के सुप्रसिद्ध होटल कैपिटोल हिल आगामी ८ सितंबर २०२३ से अपने रेस्तरां येल्लो सफ्फायर में अवधी फूड फेस्टिवल दावत ए अवध आयोजित करने जा रहा है। इस दौरान यहाँ लजीज वेज नॉन वेज व्यंजनो का आनंद उठा सकते है। इस विशेष आयोजन हेतु रेस्तरां येल्लो सफ्फायर की साज सज्जा और कर्मचारियों के पहनावे को खास अंदाज देने कि कोशिश कि गयी है ताकि इस फूड फेस्टिवल के लजीज पकवानों का लुफ्त आप बिल्कुल अनूठे अंदाज में उठा सके। इस फेस्टिवल के व्यंजनों का लुत्फ आप आगामी ८ सितंबर से १७ सितंबर (१० दिनों) तक हमारे रेस्तरां येल्लो सफ्फायर में लंच और डिनर के दौरान प्राप्त कर सकते है। होटल के एग्जीक्यूटिव शेफ श्री मृणाल बक्शी का प्रयास है कि हर फूड फेस्टिवल कि तरह इस बार भी नये और प्रसिद्ध पकवानों को आप तक प्रमाणिक अंदाज में परोसा जाये। इस बार हमारे इस फेस्टिवल के कुछ खास अवधी वेज व्यंजन है पनीर सौन्फिए कबाब, सब्ज शोले कबाब, नूर - ए - चश्म, शाही पनीर कोफ्ता लजीज, सोया चाप बिरयानी और कुछ खास अवधी नॉन-वेज व्यंजन है लहसुन मिर्च निशा, माहि सलोनी टिक्का, चिकेन गुलमोहर कबाब, शामी कबाब, प्रॉन्स मखमली करी, चिकन चाप, निहारी गोश्त, अवधी चिकन बिरयानी, निजामी गोश्त बिरयानी और बहुत कुछ/अखरोट का हलवा, निमिष जैसे मिठाइयां भी इस अवधी मेन्यू में शामिल है। होटल के ऑपरेशन मैनेजर, सतीश चंद्र मिश्रा का इस विषय में कहना है कि हम हर वर्ष २-३ अनोखे फूड फेस्टिवलो का आयोजन करते आये है और रांची वासियो ने हमारे फेस्टिवलो के व्यंजनों को काफी सराहा है। इसी क्रम को जारी रखते हुए हमने यह फेस्टिवल करने की सोची और आशा है की इसे भी बड़े पैमाने पर रांचीवासियो के द्वारा सराहा जायेगा।

## जनजाति सुरक्षा मंच ने आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली को सफल बनाने के लिए बैठक की

**रांची (आजाद सिपाही)।** बुधवार को रातू प्रखंड के पाली गांव में जनजाति सुरक्षा मंच के रांची जिला मीडिया प्रभारी हिंदूवा उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। इसमें आगामी 24 दिसंबर 2023 को विराट आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी पर चर्चा की गयी। डिलिस्टिंग यानी जो जनजाति अपनी धर्म संस्कृति रीति रिवाज परंपरा रूढ़ि प्रथा छोड़कर अन्य धर्म ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिए हैं। वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना अर्थात वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण के लाभ से वंचित करना ही डिलिस्टिंग महारैली का उद्देश्य है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी अपने-अपने हक अधिकार के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे। बैठक में बबलू उराव, बसंत उरांव, विमल उरांव, संजय उरांव, गुड्डू उरांव, सुशील उरांव, संजीव उरांव, रोशन उरांव, कलू उरांव, जीता उरांव, आकाश, संतोष लोहारा, डहरू उरांव, नोमिया उरांव और महादेव उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड हाइकोर्ट ने एनोस एक्का की याचिका खारिज की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2009 में एनोस एक्का की विधानसभा से सदस्यता रद्द करने के आदेश को सही बताते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। बुधवार को जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने फैसला सुनाते हुए स्पीकर के सदस्यता रद्द करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। एनोस एक्का ने स्पीकर के 13 अगस्त 2009 को उनकी विधानसभा से सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। एनोस पर वर्ष 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आरोप था। विधानसभा अध्यक्ष ने विस्तृत सुनवाई करने के बाद एनोस की विधायकी समाप्त कर दी थी। एनोस ने इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि पार्टी द्वारा जारी व्हीप उन पर लागू नहीं होता है। और उक्त व्हिप के बाद उनकी पार्टी ने एनडीए के पक्ष में मतदान करने के लिए दोबारा व्हिप जारी किया था। इसलिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनकी विधायकी रद्द किया जाना अनुचित है। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में एनोस एक्का कोलेबिरा विधानसभा से चुने गये थे।

## रियलमी 11 सीरीज 5जी और रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश




**रांची (आजाद सिपाही)।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी हीरो नंबर सीरीज और एआईओटी सेगमेंट में चार अत्याधुनिक उत्पादों- रियलमी 11 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी, रियलमी बड्स एयर 5 और रियलमी बड्स एयर 5 प्रो के लांच की घोषणा की। हम रियलमी 11 सीरीज 5जी और अपनी एआईओटी सीरीज में रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश करके बहुत उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये चार बेहतरीन उत्पाद स्मार्टफोन और एआईओटी उद्योग में नये मानक स्थापित कर देंगे। इन डिवाइसेज में लीप-फॉरवर्ड विशेषताएँ और इनोवेटिव डिजाइन है, जो आपके अनुभव को नये आयाम में ले जायेंगे। इसके अलावा अपनी 5वीं वर्षगांठ के साथ हमने अपने ब्रांड को लीप अप पर केंद्रित किया है, और अगले पांच वर्षों के लिए नो लीप नो लॉन्च की उत्पाद नीति बनायी है। अगले पांच सालों में हम विश्व में युवाओं का पसंदीदा टेक्नोलॉजी ब्रांड बनने और इमेजिंग टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस और औद्योगिक डिजाइन ठोस प्रगति करने पर केंद्रित रहेंगे। रियलमी के इस अभूतपूर्व सफर में साथ देने के लिए आप सबका धन्यवाद। इस साझेदारी के बारे में एआईएमआरए (ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन) के संस्थापक और चेयरमैन, कैलाश लख्यानी ने कहा, एआईएमआरए को टेक्नोलॉजी में अग्रणी, रियलमी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो ग्राहकों की जरूरतों को समझता और उन्हें पूरा करता है। रियलमी और एआईएमआरए का लक्ष्य मोबाइल रिटेल के परिवेश को मजबूत बनाना और अपने निष्ठावान ग्राहकों को सुगम अनुभव प्रदान करना है। नई लॉन्च की गयी। 11 5जी सीरीज बेहतरीन विशेषताओं के साथ उद्योग में नये मानक स्थापित करते हुए सर्वश्रेष्ठ 108 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा है, जो सेगमेंट के सबसे विशाल 3एक्स इन-सेंसर जूम को सपोर्ट करता है। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ सेगमेंट की सबसे तेज 67वॉट की सुपरवूक चार्जिंग क्षमता है। उन्होंने बताया, एआईएमआरए और रियलमी दोनों ही 5जी को विशाल जनसमूह तक पहुँचाना चाहते हैं, इसलिए हमारा यह गठबंधन सार्थक और उद्देश्य पर केंद्रित है।

# कैसे आए पारदर्शिता

आठ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संपत्ति में पिछले एक साल के दौरान हुई बढ़ोतरी (और कमी) का जो ब्योरा असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पेश किया है, उससे कई अहम ट्रेंड्स पता चलते हैं। साल 2021-22 में राजनीतिक दलों की संपत्ति के ग्राफ पर नजर डालें तो साल 2014 से ही केंद्र की सत्ता में बैठी बीजेपी की संपत्ति सबसे ज्यादा बढ़ी है, हालांकि विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस भी प्रतिशत में बढ़ोतरी के हिसाब से ज्यादा पीछे नहीं है। बीजेपी की संपत्ति अगर 2020-21 के 4,990 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 6,046 करोड़ रुपये हुई और इस तरह 21.17 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई तो कांग्रेस भी 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 691 करोड़ रुपये से 805.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। हालांकि सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल की संपत्ति में 5,000 करोड़ रुपये से ऊपर का यह अंतर मौजूदा दौर में देश की राजनीति में उपलब्ध लेवल प्लेइंग फील्ड के बारे में बहुत कुछ कहता है। सच है कि चुनाव सिर्फ पैसे और सत्ता की ताकत से नहीं जीते जाते, लेकिन चुनावों में पैसा और उससे हासिल संसाधनों की अहम भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इन दलों की संपत्ति के इस ब्योरे में दो और तथ्य महत्वपूर्ण हैं। एक तो यह कि संपत्ति बढ़ाने के मामले में तृणमूल कांग्रेस इतनी आगे है कि उसकी किसी और दल से तुलना नहीं हो सकती। एक साल में उसकी संपत्ति करीब 182 करोड़ रुपये से बढ़कर 458.10 करोड़ रुपये हो गई, जो 151.70 फीसदी की आश्चर्यजनक वृद्धि है। दूसरा तथ्य यह कि बीएसपी इकलौती ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसकी संपत्ति इस एक साल में बढ़ने के बजाय घटी है। यह 732.79 करोड़ से घटकर 690.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो 5.74 फीसदी की कमी है। शायद पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के अत्यधिक कमजोर प्रदर्शन से भी इसका कोई संबंध हो। मगर विभिन्न दलों की संपत्ति के इस ब्योरे को लेकर सबसे बड़ी बात यह है कि तमाम पार्टियों ने अपनी कमाई के बारे में खुद से जो तथ्य बताए हैं, वही सामने आया है। और सच यही है कि इन दलों ने पूरी कमाई नहीं बताई है। अगर इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के दिशानिर्देशों की बात करें जिन पर चुनाव आयोग अपनी मुहर लगा चुका है तो उनके मुताबिक भी इन दलों को लिए गए लोन के स्रोत के साथ-साथ उन्हें चुकाने के लिए तय अवधि और इस दौरान दिए जाने वाले लोन के भी डीटेल्स देने चाहिए थे, जो किसी भी पार्टी ने नहीं दिए। जाहिर है राजनीतिक दलों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में अभी लंबा सफर तय करने की जरूरत है।

**वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान देश के 8 प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों की संपत्ति में जोरदार उछाल देखने को मिला है। राजनीतिक दलों की संपत्ति वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 8829.158 करोड़ हो गई है, जिसमें भाजपा द्वारा सबसे अधिक संपत्ति 6,046.81 करोड़ रुपये घोषित की गई।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी। जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा।**

# 'एक देश, एक चुनाव' राष्ट्रीय हित में उठाया गया कदम है, विपक्ष को इसका समर्थन करना चाहिए



**सुरेश हिन्दुस्थानी**

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है।

अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी। जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। लेकिन देश में कुछ राजनीतिक दल संभवतः इसकी गंभीरता को समझ नहीं पा रहे हैं। इस कदम को संकुचित राजनीति के भाव से देख रहे हैं। अगर यह देशभाव के दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा।

**वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है।**

वर्तमान में केन्द्र सरकार, चुनाव आयोग इस बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन कर रहा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए।

केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देश हित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं हैं, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने भी इस प्रकार की नीतियां बनाईं हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रुप से आगे बढ़ते जा रहे हैं, जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, तब अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए।

जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तबसे ही देश में राष्ट्रीय हित की दिशा में अनेक काम किए जा रहे हैं। यह बात भी सही है कि इन कामों का वास्तविक स्वरूप भविष्य में ही सामने आएगा। क्योंकि देश में लम्बे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि अब भारत से समस्याओं का निदान संभव ही नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थी कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। जिसके कारण देश ने अनेक उतार चढ़ाव भी देखे हैं। वर्तमान की कई समस्याएं अपने देश की सरकारों की ही देन है। सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के बजाय देश हित के काम किए होते तो संभवतः देश में इतनी विकराल स्थिति पैदा नहीं होती।

मोदी सरकार ने देश की स्थिति को सुधारने के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। सरकार ने जो नोट बंदी की थी, उसमें भले ही विपक्षी राजनीतिक दलों ने आलोचना की, लेकिन इसके बाद मोदी सरकार की ख्याति बढ़ती चली गई और लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा सफलता मिली है। यानी साफ शब्दों में कहा जाए तो यही कहना समुचित होगा कि जो कदम विपक्षियों को खराब लगा, वह देश की जनता की नजर में एक दम सही था। मोदी सरकार का एक साथ चुनाव कराने का कदम भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी विपक्षी दल तो आलोचना करेंगे ही, लेकिन जनता निश्चित रूप से इसे सही कदम मानकर इसका समर्थन ही करेगी। अगर देश में लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होने पर राजनीतिक दलों की सहमति बनती है तो इससे आम जनता को राहत ही मिलेगी, लेकिन सरकार विरोधी राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस पर क्या कहेंगे। हालांकि देश में जनहित के साथ ही राष्ट्रीय हितों के प्रति सबको समर्थन देना ही चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय हित से बड़ा कुछ हो ही नहीं सकता।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**



**एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए**

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : श्रीमद्भगवद्गीता से निकटता स्थापित करने का एक सुअवसर

**विवेक अत्रे**



**'हे अर्जुन,** तुम योगी बनो,' इन अविस्मरणीय शब्दों के साथ भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अपने अत्यंत उन्नत भक्त अर्जुन को परम मुक्ति के योग मार्ग का अनुसरण करने का निर्देश दिया। श्रीमद्भगवद्गीता निश्चित रूप से एक ऐसा दिव्य ग्रंथ है, जिसमें जीवन का उद्देश्य समाहित है और जिसमें परम सत्यों की व्याख्या की गयी है, जिनकी खोज संपूर्ण मानव जाति द्वारा पूरे मनोयोग से की जानी चाहिए। इस ग्रंथ में स्वयं भगवान द्वारा अपने किंकर्तव्यविमूढ़ एवं विस्मयाभिभूत शिष्य को दिया गया वह कालातीत संदेश निहित है कि अपने कर्तव्य को सर्वाधिक प्राथमिकता देना और अपने कर्मों के फलों के प्रति आसक्ति के बंधन से मुक्ति आवश्यक है।

विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक श्रीश्री परमहंस योगानंद ने गीता की अपनी व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये अमर संदेश के सच्चे अर्थ की विस्तृत व्याख्या की है। योगानंदजी बताते हैं कि महाभारत के नाम से प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध का वास्तविक महत्व उन आंतरिक संघर्षों में निहित है, जिनका सामना प्रत्येक मनुष्य को निरंतर अपने मन में करना पड़ता है। मानवीय जीवन के प्रत्येक खंड में स्वयं हमारी अच्छी प्रवृत्तियों और बुरी प्रवृत्तियों को परस्पर युद्ध करना पड़ता है तथा अंततः अच्छाई की विजय और बुराई की पराजय होती है, परंतु इससे लिए हमारे लिए ईश्वर के निकट जाने के लिए दृढ़ प्रयास करना और उसके परिणामस्वरूप भौतिक संसार के प्रति सभी आसक्तियों को त्यागना आवश्यक है। प्रत्येक वर्ष माता देवकी के पुत्र शिशु कृष्ण के जन्म की वर्षगांठ जन्माष्टमी के रूप में मनायी जाती है और इस अवसर पर संपूर्ण विश्व में प्रायः देर रात तक रंगारंग संगीतमय उत्सव आयोजित किये जाते हैं। भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाने के लिए भक्त अत्यंत सुंदरतापूर्वक सजाये गये मंदिरों में एकत्र होते हैं और वे स्वयं अपने घरों में भी छोटे मंदिरों को सजाते हैं। परंतु संत हमें बताते हैं कि जब हम भगवान श्रीकृष्ण के साथ अधिकाधिक समस्वर होने का प्रयास करते हैं, तो जन्माष्टमी का वास्तविक उत्सव हमारे हृदयों और आत्माओं के भीतर होता है अथवा होना चाहिए।

योगानंदजी ने सन 1917 में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) की स्थापना की थी, जो अनेक प्रकार से कालातीत क्रियायोग ध्यान प्राविधि के प्रसार का कार्य करती है। अमर गुरु महावतार बाबाजी ने महान योगावतार लाहिड़ी महाशय को क्रियायोग का तात्विक ज्ञान प्रदान किया तथा उन्होंने यह विज्ञान योगानंदजी के आध्यात्मिक गुरु ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को सिखाया था।

भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों में दो बार क्रियायोग का उल्लेख किया है। यह मनुष्य को ज्ञात सर्वोच्च विज्ञान है, जो ईश्वर के साथ एकता के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर होने में आध्यात्मिक साधक की सहायता करता है।

जन्माष्टमी के इस महान दिवस पर आइए हम सब अपने अंतरतम् में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण को जाग्रत करने का प्रयास करें और अपने आसपास के सभी लोगों के कल्याण हेतु स्वयं को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप बनाने का प्रयास करें।

## जमशेदपुर की खबरें

# पंचायत में नाली की समस्या का जल्द होगा समाधान : विधायक मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जमशेदपुर प्रखंड के पूर्वी कालीमाटी पंचायत में नाली जर्जर स्थिति से ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी को अवगत कराया। बुधवार को ग्रामीणों की मामले को संज्ञान लेते हुए विधायक ने न्यूवोको कंपनी के पदाधिकारी के साथ क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर विधायक ने न्यूवोको कंपनी के पदाधिकारी को साफ सफाई करवाने व नाली का मरम्मत करवाने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की जनता ही क्षेत्र के प्रतिनिधि है। एक सेवक होने के नाते ग्रामीणों के साथ क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। ताकि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनता को सुविधा मिल सके। श्री कालिंदी ने कहा राज्य के हेमंत सरकार में कई जनकल्याणकारी योजना चलाया जा रहा है। उन्होंने जरूरतमंदों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप गुहा, मनोज यादव, गोपाल महतो, पहाड़ सिंह, राकेश चक्रवरती,जय किशन सिंह सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक व ग्रामीण शामिल रहे।

# डीसी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गम्हरिया।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने आदित्यपुर क्षेत्र के पांच पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान डीलरों द्वारा आधार कार्ड से राशन कार्ड के पंजीकरण के काम में अनियमितता पाया गया। मौके पर उन्होंने नोटिस देते हुए 24 घंटे में जवाब तलब किया। बताया जा रहा है डीसी रवि शंकर शुक्ला ने जिले के शत-प्रतिशत लाभुकों के आधार को राशन कार्ड के साथ पंजीकृत व ग्रीन एनएफएसए राशन का वितरण शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। जिसके आधार पर एमओ के द्वारा लगातार क्षेत्र के पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण की जा रही है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजकुमार रजक ने प्रखंड के आदित्यपुर व गम्हरिया के 11 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण कर शोकॉज करते हुए 24 घंटे में रिपोर्ट तलब किया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उधर औचक निरीक्षण के दौरान डीलरों में हड़कंप मच गया। फिलहाल शॉकॉज किये गए डीलरों में सोमाय हेम्ब्रम जन वितरण प्रणाली आदित्यपुर, होपना टुडू जन वितरण प्रणाली आदित्यपुर, सुकराम टुडू जन वितरण प्रणाली आदित्यपुर, रमेश पंडित जन वितरण प्रणाली आदित्यपुर, तारा पदो महतो जन वितरण प्रणाली आदित्यपुर शामिल है।

# सीआइआइ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आरएसबी ट्रांसमिशन ने जीते कई पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** देश भर के ऑटोमोटिव उद्योग में हर एक क्षेत्र में तेज गति से आगे की ओर बढ़ने वाले आरएसबी ट्रांसमिशन ने सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने पर खुसी जाहिर की। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गयी। बीते दिनों एसीएमए18वीं राष्ट्रीय क्यूसी सर्कल प्रतियोगिता व सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता की घोषणा करते हुए रोमांचित है। उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को विभिन्न श्रेणियों में कई पुरस्कारों से मान्यता मिली है। एसीएमए 18वीं राष्ट्रीय क्यूसी सर्कल प्रतियोगिता में आरबीएस ट्रांसमिशन की टीम ने प्रभावशाली तीसरा स्थान हासिल की। जहा भारत के सभी कोनों से शीर्ष 12 में भाग लेने वाली कंपनियों की एक मजबूत लाइनअप के खिलाफ प्रतिस्पर्धा रहा। आरएसबी ट्रांसमिशन की जीत गुणवत्ता व निरंतर सुधार के प्रति उसके समर्पण को रेखांकित करती है। सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित की गयी। जहां आरएसबी ट्रांसमिशन ने 600 टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा कर अपनी उपलब्धियों की बढ़ती सूची में तीन पुरस्कार जोड़े। कंपनी ने बड़ी श्रेणी में ऊर्जा उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित प्लेटिनम पुरस्कार, बड़ी श्रेणी में पोका योक के माध्यम से पीएम रिडक्शन के लिए गोल्ड अवार्ड व बड़ी श्रेणी में कम लागत वाले ऑटोमेटन केस स्टडी के लिए सिल्वर अवार्ड हासिल की। जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवाचार व उत्कृष्टता में अग्रणी के रूप में स्थिति मजबूत हुई। एसीएमए राष्ट्रीय क्यूसी सर्कल प्रतियोगिता व सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आरएसबी ट्रांसमिशन की सफलता उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इसे ऑटोमोटिव क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करती है। कंपनी नवाचार व विकास की अपनी यात्रा जारी रखने व उद्योग में वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को और ज्यादा मजबूत करने के लिए तत्पर है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा इन पुरस्कारों से रोमांचित और विनम्र हैं। जो आरएसबी ट्रांसमिशन में हमारी असाधारण टीमों के समर्पण, कड़ी मेहनत व सरलता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा मान्यताएं हमें नवाचार, दक्षता की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। आरएसबी ट्रांसमिशन ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी नाम है।

## बारीनगर मोहर्रम कमिटी ने अदा की चहल्लुम शरीफ



**जमशेदपुर।** शहर के टेल्को बारीनगर मोहर्रम कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारीनगर साबरी चौक में हजरत मोहम्मद के नवासों शहीद-ए-आजम हजरत इमामे हसन-व-हुसैन की याद में रस्में चहल्लुम शरीफ पूरी अकीदत एवं एहतेहराम के साथ अदा की गयी। बुधवार को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम शुरू की गई दोपहर में फतेहा खानी व 4 बजे से लंगर-ए-आम की गयी। आखिर में दरूद-व-सलाम का नजराना व इजतेमाई दुआ-ए-खैर पेश किया गया। कर्यक्रम का संचालन खलीफा आलमताज द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बस्ती से अकीदतमंद बारी बारी से इमामबाड़ा पे अकीदत के फूल चढ़ाये। इस अवसर पर घर घर लंगर बांटा गया। इस अवसर पर अधिवक्ता गुड्डूहैदर, सोनी, आमिर हसन,सहिमअख्तर, जुम्मन, मो आजाद, इममामूल हक, सैयद नासिर, मो नसीम, मो मुमताज, मो हलीम, मीर नासिर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## डीसी के निर्देश पर नशा मुक्ति को लेकर आमसभा का आयोजन



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां के डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में एक आम सभा का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित आम सभा में एंटी नारकोटिक एक्टिविटी के तहत नशा मुक्ति को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में ग्रामीण में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के छात्र-छात्रा शामिल रहे। मौके पर सभी को नशापन के दुष्प्रभाव को विस्तार से बताया गया। साथ ही उपस्तित जनों से नशा मुक्ति के लिए आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने व नशा का सेवन नही करने के लिए आग्रह किया गया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी सरायकेला, पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीसी-एसपी ने बंशीधर नगर के महदेइया स्थित निर्माणाधीन कारा का किया निरीक्षण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार व पुलिस अधीक्षक अंजनी झा ने बुधवार को बंशीधर नगर के महदेईया स्थित निर्माणाधीन कारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग तथा संबंधित भवन विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कारा परिसर में बैठक कर कारा को चालू करने से पूर्व सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गढ़वा कारा में कुछ दिन पूर्व निरीक्षण के दौरान देखा गया कि कारा में क्षमता से अधिक कैदी हैं। ऐसे में प्राथमिकता के तौर पर कुछ कैदियों को इसी माह बंशीधर नगर के कारा में शिफ्ट करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कारा में पानी, बिजली तथा सीसीटीबी कैमरा, जैमर लगाने के साथ साथ सुरक्षा को लेकर कर्मी तथा पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति को लेकर विमर्श किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, बीडीओ श्रवण राम, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भवन विभाग तथा बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### झामुमो रंकाकला पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन, मोबिन खान दोबारा बने पंचायत अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंकाकला पंचायत के युवा मोर्चा पंचायत कमेटी का गठन गढ़वा युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बुधवार को किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मोबीन खान को पुनः दोबारा पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव सोनू चंद्रवंशी व कोषाध्यक्ष परमजीत चौधरी को बनाया गया है। साथ ही अन्य सदस्यों को भी चयन किया गया। इस अवसर पर रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, सचिव इरफान अंसारी, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, मुमताज अली रंगसाज, मदन खान, रामबाबू ठाकुर, नौशाद राय, सूरज कुमार रजक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के मरीजों की संख्या में हुई है बढ़ोत्तरी : डॉ अरशद अंसारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू की मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में हम सभी लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। उक्त बातें शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल के फिजिशियन डॉ अरशद अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि डेंगू बीमारी से बचने के लिए अपने रहने की जगह और उसके आस पास के इलाकों में सम्पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। किसी जगह पर रुके हुए पानी में मच्छर पनप सकते हैं। इसलिए कहीं भी जल जमाव नही होने दें। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए सबसे पहले तो जब भी आप घर से बाहर जाएं मच्छर से बचाव वाली क्रीम का उपयोग करें। वहीं सोने से पहले मच्छरदानी को अच्छी तरह से सेट कर लें। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, बहुत तेज सिर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी आना व चक्कर महसूस होना आदि डेंगू बीमारी के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप इनमें से कोई भी लक्षण महसूस करते हैं। तब तुरंत सलाह के लिए डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावे विटामिन सी, बी और बी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कई लोगों में डेंगू और चिकनगुनिया का लक्षण पाया जा रहा है। ऐसे में उक्त बीमारी से ग्रसित होने के बाद चिकित्सक से सलाह जरूर लें।

### विशुनपुरा प्रखंड में मवेशियों में होने वाली लंपी वायरस रोग से पशुपालक परेशान

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड के गांवों में मवेशियों में होने वाली लंपी वायरस रोग से पशुपालक परेशान हैं। प्रखंड के किसानों का कहना है कि इस परिस्थिति में पशुपालन विभाग द्वारा प्रखंड में इस बिमारी से पशुपालकों को निजात दिलाने की कोई पहल नहीं की जा रही है और न ही कोई जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालकों का कहना है कि संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण उनके मवेशियों की हर दिन मौत हो रही है। इस जानलेवा वायरस के कारण उनके सामने एक बड़ी समस्या उतपन्न हो गयी है। बताया गया कि इस बीमारी से प्रखंड के हजारों गाय बैल संक्रमित हैं। वहीं अबतक दर्जनों मवेशियों की मौत हो चुकी है। प्रखंड मुख्यालय के अलावे अमहर, सरांग, जतपुरा, पिपरी, पतिहारी, सारो, विशुनपुरा, संध्या सहित अन्य गांवों में यह बिमारी तेजी से फैल रही है। लंपी वायरस से मवेशियों के शरीर पर छोटी गोलाकार गांठ बननी शुरू हो जाती है। गांव में सामान्य भाषा में इस बीमारी को त्वचा रोग एवं देवी का प्रकोप भी कहते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार चौधरी ने कहा कि अभी दवा उपलब्ध नहीं है। दवा उपलब्ध होते ही विशुनपुरा में कैम्प कर पशुपालकों के बीच दवा का वितरण किया जाएगा।

**बैठक :** मंत्री ने बैठक कर की तैयारियों की समीक्षा

# गढ़वा में अंतर जिला फुटबॉल 10 से कमिटियों को सौंपी गयी जिम्मेवारी

**झारखंड फुटबॉल एशोसिएसन के अध्यक्ष मंत्री मिथिलेश तथा महासचिव गुलाम रब्बानी ने तैयारियां की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर से गढ़वा में किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल एशोसिएशन की एक बैठक परिसदन भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड फुटबॉल एशोसिएसन के अध्यक्ष गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा महासचिव गुलाम रब्बानी ने तैयारियां की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में आगामी 10 सितंबर से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए खिलाड़ियों को लाने, खाने व उन्हें ठहराने आदि सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी कार्यों के लिये कमेटियों का गठन किया गया। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रतिदिन चार मैच का आयोजन किया जाएगा। सभी मैच नॉक आउट सिस्टम पर आधारित होंगे। खिलाड़ियों को मैदान तक आने-जाने के लिए तीन बसों की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर बैनर सभी प्रखंडों में लगाने का भी निर्णय लिया गया है। मैच का उद्घाटन समारोह काफी भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मार्च पास्ट की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा। सभी प्रतियोगिता के लिए स्वागत कमेटी गठित की गई है। इसका संयोजक कंचन साहू को बनाया गया है। इसके अलावे जिन-जिन प्रखंडों में मैच आयोजित होंगे वहां गोल पोस्ट को दुरूस्त किया जाएगा। मैदान में मेडिकल के टीम भी मौजूद रहेगी। बैठक में डीसी ने विस्तृत प्रचार प्रसार के लिए सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया। जिन-जिन प्रखंडों के मैदान में गोल पोस्ट नहीं हैं वहां मैच से पहले कर गोल पोस्ट लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मैच का उद्घाटन 2:00 बजे किया जाएगा।

बैठक में संरक्षक डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश राय, आयोजन समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध यादव, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, डीएसओ उमेश लोहरा, रेफरी कमेटी के मो. फरीद, राघवेन्द्र नारायण सिंह, धीरज दुबे, नसीम अख्तर, उदय नारायण तिवारी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेन्द्र पाल, सुशील तिवारी, अरविंद कुमार, जगगरनाथ राम, अजयकांत, मनोज संसाई, लक्ष्मण राम, ओम प्रकाश गुप्ता, कंचन कुमार, कमलेश पांडेय, राजकमल तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## जायंट्स ग्रुप आस्था ने बाल देव सज्जा कार्यक्रम व शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

**'बाल देव सज्जा' कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था की तरफ से 5 सितंबर को गढ़वा के बलिसाह लेन गली में स्थित बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय में वहां पढ़ रहे सभी छात्रों के बीच 'बाल देव सज्जा कार्यक्रम' तथा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहुत सारे विद्यार्थियों ने 'बाल देव सज्जा' कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही साथ सांत्वना पुरस्कार के रूप में शामिल सभी प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी तथा फेडरेशन 8 के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन 8 के सदस्य डॉ अशोक कुमार सोनी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। विनोद कमलापुरी में अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय बहुत ही पुराना है और यहां के छात्र बहुत ही प्रतिभाशाली हैं। नंदकुमार गुप्ता ने शिक्षा दिवस के महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। डॉ अशोक कुमार सोनी ने कहा कि विद्यालय में बहुत जल्दी बच्चों के बीच एक दंत चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'बाल देव सज्जा' कार्यक्रम के उपरांत सभी शिक्षक सहित वहां के प्रधानाचार्य को आस्था के सदस्य प्रवीण जायसवाल, वेद प्रकाश शर्मा, हर्ष कमलापुरी, विराट राजा विश्वास ने प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हम लोगों को शिक्षक को वंदन करने का मौका मिलता है। प्रवीण जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो 'बाल देव सजा' का कार्यक्रम हुआ है, जिससे निश्चित तौर पर बच्चों में अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि आस्था के सदस्य हर्ष कमलापुरी इसी विद्यालय से पढ़े हुए छात्र हैं और आज उन्होंने गढ़वा में समाजसेवा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम की जिम्मेवारी गढ़वा आस्था के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर विराट राजा विश्वास ने निभायी। और उन्होंने भरोसा दिलाया की आने वाले हर वर्ष में गढ़वा जिला के विभिन्न विद्यालयों में 'बाल देव सज्जा' जैसे कार्यक्रम तथा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों ने भी गढ़वा आस्था के इस प्रयास की बहुत तारीफ की। उन्होंने बताया कि यह ग्रुप गढ़वा में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है और समाज में जागरूकता फैलाने का भी कार्यक्रम करता है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर श्री बंशीधर नगर में उत्साह का माहौल

**डीसी-एसपी ने मंदिर पहुंचकर लिया व्यवस्था का जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर श्री बंशीधर नगर में उत्साह का माहौल है। विश्वविख्यात बंशीधर मंदिर में सुबह से ही चहल-पहल देखी जा रही है। सुबह से ही भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है। पूरे मंदिर परिसर को फूल और इलेक्ट्रॉनिक लाइट से दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा भगवान को नए वस्त्र वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धारण करवाया गया। रात में 50 हजार से अधिक श्री कृष्ण भक्तों को मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। सुबह से ही उत्तर प्रदेश, छतीसगढ़, मध्यप्रदेश से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं व्यवस्था को लेकर जिले के डीसी शेखर जमुआर, एसपी अंजनी झा मंदिर पहुंच कर जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने पूजा अर्चना के बाद ट्रस्ट के लोगों के साथ व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया।

मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने बताया कि सभी तैयारी पूरी है। रात में मंदिर परिसर में सिर्फ महिलाओं को प्रवेश मिलेगा। वहीं मंदिर के बाहर लोग भगवान के जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण बड़े पर्दे पर देख सकते हैं। वहीं मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, एसडीओ आलोक कुमार, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, राजेश प्रताप देव, बीडीओ श्रवण राम, राजेश पांडेय, सुजीत अग्रवाल, शम्भू सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रामलला मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए मंत्री



**गढ़वा के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के स्टेशन रोड सोनपुरवा स्थित रामलला मंदिर परिसर में कमलापुरी परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार की संध्या गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने भगवान रामलला की पूजा अर्चना कर श्रीधाम वृन्दावन से पधारे व्यास जी पं. कृष्णकांत जी महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा का श्रवण कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुझे श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही व्यास जी महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा का श्रवण करने एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने का आज परम सौभाग्य मिला है। मंत्री ने कहा कि भगवान अपने सभी भक्तों पर कृपा-दृष्टि बनाए रखें। हमारे झारखंड में सुख, शांति एवं संपन्नता बनी रहे। देश की खूबसूरत गंगा-जमुनी तहजीब पर किसी की नजर न लगे, ऐसी प्रभु से प्रार्थना है। मंत्री ने कहा कि जिस क्षेत्र में भगवान का भजन, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, उस क्षेत्र में हमेशा सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहती है। पूरा क्षेत्र एवं क्षेत्र के लोग खुशहाल रहते हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, कंचन साहू, दिलीप गुप्ता, संतोष कमलापुरी, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मंत्री ने छात्रा निधि विश्वकर्मा को दिया लैपटॉप, उसके उज्ज्वल भविष्य की दीं शुभकामनाएं



**गढ़वा (आजाद सिपाही)** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शहर का सोनपुरवा मोहल्ला निवासी दिलीप विश्वकर्मा की पुत्री मेधावी छात्रा निधि विश्वकर्मा को लैपटॉप प्रदान किया। साथ ही उन्होंने निधि के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार होनहार छात्र-छात्राओं को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। निधि भविष्य में और बेहतर करे इसके लिए वे हमेशा उसके साथ हैं। निधि बिटिया का सपना डॉक्टर बनकर राज्य एवं देश की सेवा करने का है। ईश्वर निधि का सपना साकार करें। बिटिया को उसकी मेहनत के फलस्वरूप मेडिकल की पढ़ाई के लिए एम्स में दाखिला मिले और आगे चलकर वह बड़ी डॉक्टर बनकर गढ़वा का नाम देश-दुनिया में रोशन करे, ऐसा शुभाशीष है। उन्होंने कहा कि किसी भी मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी पढ़ाई में कोई परेशानी ना हो इसके लिए वे हरसंभव ऐसे विद्यार्थियों को सहयोग के लिए तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, कंचन साहू, दिलीप गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एआइएमआइएम का सदस्यता अभियान और पार्टी विस्तार को लेकर जनसभा 10 सितंबर को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) के तत्वावधान में दस सितंबर को सदस्यता अभियान और पार्टी विस्तार को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए एआईएमआईएम के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा-रंका विधान सभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने कहा कि एआईएमआईएम लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीवारी पेश करने को लेकर पूरी तरह तैयार है। लोग लगातार इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसभा का आयोजन मेराल प्रखंड के पेशका उच्च विद्यालय के मैदान में किया जाएगा। जनसभा का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। जनसभा के दौरान सदस्यता अभियान चलाने के साथ ही पार्टी विस्तार के अलावे चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में जिला, प्रखंड व पंचायत के सभी सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर तैयारियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने एआईएमआईएम प्रेमियों, जय भीम व जय मीम के प्रशंसकों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम निदेशक सुशील कुमार केसरी एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें गीत, नृत्य, नाटक, भाषण आदि मुख्य थे। कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के बच्चों द्वारा स्कूली शिक्षा पर प्रस्तुत नाटक को दर्शकों ने खुब सराहा। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न क्लास के बच्चों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योग शिक्षक उपकार गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये। साथ ही साथ संगीता गुप्ता, लाल मुनी देवी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, मिथिलेश सिन्हा, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, चंदन पासवान, आरती कुमारी, कोमल केशरी, चांदनी कुमारी, शिवानी कुमारी, तान्या सोनी ने उत्साहपूर्वक बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य गुलाम सरवर ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों को इस सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। तत्पश्चात सभी बच्चों, अभिभावकों एवं आगंतुकों को सामूहिक रूप से भोजन कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कार्यक्रम :** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह सह गुरु उत्सव धूमधाम से मनाया गया

# विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के दर्पण होते हैं शिक्षक : मदन केशरी

**शिक्षकों पर समाज को नई दिशा एवं सुसंस्कृत बनाने की महती जिम्मेदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह सह गुरु उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सीनियर एवं जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक शिक्षकों के सम्मान में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। अपने संबोधन में निदेशक मदन केशरी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि शिक्षक हमारे जीवन में एक महान और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे ज्ञान, कौशल स्तर, आत्म-विश्वास और अनुशासन में सुधार करने में हमारी मदद करते हैं और साथ ही सफलता पाने के लिए हमें सही आकार देते हैं। शिक्षक ज्ञान और समृद्धि के वास्तविक धारक होते हैं जिनका उपयोग करके वे हमारे जीवन के लिए पोषण तैयार करते हैं। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन को सही आकार देता है ठीक उसी प्रकार एक शिक्षक छात्र के भविष्य की गढ़ने का काम करते हैं। शिक्षक का सम्मान करना और उनके बताए गए रास्ते पर चलना हम सभी का परम कर्तव्य है। शिक्षक का दर्जा बहुत ही ऊंचा होता है, किसी भी बच्चे के भविष्य निर्माण में माता-पिता के साथ-साथ शिक्षक की भी भूमिका अहम होती है। एक शिक्षक अपने जीवन में उस दिन बहुत ज्यादा खुश होता है जब उसका कोई छात्र उसके द्वारा बताए गए चीजों का अनुसरण करते हुए जीवन में सफल होता है। वहीं स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए निदेशक ने कहा कि इन शिक्षकों के परिश्रम से हमारा स्कूल प्रगति की ओर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। स्कूल के बच्चों का सर्वांगीण विकास में इनका योगदान सराहनीय हैं। यहां के अधिकतम छात्र छात्राओं ने कई प्रतिष्ठित सरकारी सेवा के क्षेत्र अपना योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, उदय प्रकाश, मुकेश कुमार भारती, आलोक सिन्हा, अजय कुमार, नीरा शमी, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी, रिजवाना शाहीन, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

### बाइक और टेंपो की टक्कर में दो गंभीर

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार-कांडी मुख्य पथ स्थित मुकुंदपुर गांव अंतर्गत मायर टोला के समीप मंगलवार की देर शाम टेम्पो और बाईक की टक्कर में बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मायर गांव निवासी मंटू सिंह पिता राम नाथ सिंह और अरूण सिंह पिता राजदेव सिंह मुकुन्दपुर गांव से अपने घर मायर आ रहे थे। इसी क्रम में घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रहे मार्बल लदा टेम्पो में आमने सामने की टक्कर हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया, जहां से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 07 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

**कार्रवाई : हत्या में शामिल एक अन्य आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

# डायन बिसाही के संदेह में हुई वृद्ध की हत्या का उद्भेदन, सात गिरफ्तार

**हत्या में इस्तेमाल की गई दउली, खून से सटा कुर्ता व त्रिशूल बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में विगत तीन सितंबर को भानु मुंडा नामक वृद्ध व्यकि की गला काटकर की गई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। लगे हाथ हत्या में इस्तेमाल खून लगे लोहे की दउली, खून से सना कुर्ता और ओझा गुणी द्वारा प्रयोग किया गया एक लोहे का त्रिशूल बरामद किया है। इसकी जानकारी खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भानु मुंडा की हत्या डायन बिसाही के अंधविश्वास में की गई थी। पुलिस ने नामदर्ज आरोपित मारंगडीह गांव के मदन मुंडा और सेरेंगडीह गांव के सुखराम मुंडा उर्फ गोंडा के साथ ही कथित ओझा गुणी राम मुंडा के अलावा गुरुवा मुंडा, मदन मुंडा, रूसू मुंडा, बाले मुंडा और सामू मुंडा को भी गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया की हत्या के उद्भेदन के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम का गठन किया गया। जिसने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि मारुति मुंडा उर्फ मारू मुंडा की विगत 13 अगस्त को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। उसके कुछ दिनों के बाद तीन सितंबर को मारूति की छोटी पत्नी की मौत बीमारी के कारण रांची के अस्पताल में हो गई। कुछ ही दिनों के अंतराल में घर के दो लोगों की मौत होने से मारुति की बड़ी पत्नी और उसके भाई को शक हुआ कि किसी ने डायन बीसाही कर उसके पति और छोटी बहन की जान ले ली। इस मामले को लेकर मदन मुंडा और सुखराम मुंडा बाड़ी निचकेल गांव के एक कथित ओझा राम मुंडा के घर गए। ओझा राम मुंडा ने उन्हें बताया कि भानु मुंडा उर्फ बोयर की पत्नी बिरसपति देवी उर्फ गुरुवारी देवी डायन है। उसने ही कारगुनी की है। जिस कारण दो लोगों की मौत हो गई। तीन सितंबर को मारूति की छोटी पत्नी को दफनाने के बाद उसी दिन मदन मुंडा और सुखराम मुंडा सहित अन्य लोग भानु मुंडा के घर गए, लेकिन उस समय भानु मुंडा और उसकी पत्नी में घर में नहीं थे। घर में सिर्फ उसकी बेटी हिस्सी देवी थी। दोनों ने हिस्सी देवी को धमकाया कि भानु मुंडा की वे हत्या कर देंगे। उसी रात सभी लोग भानु मुंडा उर्फ बोयर के घर पहुंचे और घर में अकेले सो रहे भानु मुंडा की दउली से मार कर हत्या कर दी। भानु मुंडा की पत्नी और उसकी बेटी घर से भाग गए थे। एसडीपीओ ने बताया कि हत्याकांड का एक अन्य आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। छापामारी दल अड़की के थान प्रभारी मो इकबाल हुसैन, अड़की थाना के एसआई मनोज तिर्की, शशि प्रकाश और उत्तम कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अभियान में शत प्रतिशत बच्चों के टीकारण का लक्ष्य : लेखराज नाग



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। मिशन इंद्रधनुष अभियान के दूसरे चरण में प्रखंड क्षेत्र में 11 से 16 सितंबर तक गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को टीकाकरण किए जाने को लेकर बैठक में उपस्थित बुड़मू सीएचसी की प्रभारी डॉ इशानी सिंह ने मिशन इंद्रधनुष अभियान सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि गर्भवती महिलाएं व शिशु को नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र में टीका दिया जाएगा। जिन गर्भवती महिलाओं व 0 से 5 वर्ष के शिशुओं का टीकाकरण छूट गया है उन्हें भी टीका लगाया जाएगा। वहीं, बीडीओ लेखराज ने कहा कि इस अभियान में बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य है। इसे लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में खलारी में स्वास्थ्य संबंधी अन्य जरूरतों पर भी चर्चा की गयी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## डोभा में डूबने से आठ साल की बच्ची की मौत



तोरपा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र की दियांकेल पंचायत के गुफू गांव में बुधवार को डोभा में डूबने से आठ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गयी। जानकरी अनुसार मंगलवार को शिक्षक दिवस पर गुफू स्कूल से रोशन गुड़िया की आठ वर्षीय बेटी सीमा गुड़िया अपने घर आयी थी। घर में खाना खाने के बाद पास के गांव में ही एक डोभा में अपने दोस्तों के साथ स्नान करने चली गयी थी। नहाते हुए अधिक गहराई में चले जाने के कारण सीमा पानी में डूब गयी। जब उसके दोस्तों ने देखा तो तुरंत उसके घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। जब तक सीमा के घर वाले डोभा के पास पहुंचते तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पाकर तोरपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## खूंटी चेंबर के प्रत्याशियों ने तोरपा में किया चुनाव प्रचार



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी चेंबर के लिए 10 सितंबर को होनेवाले मतदान को लेकर टीम 21 के सदस्यों ने बुधवार को तोरपा के व्यवसायियों से मुलकात की और उनके पक्ष में वोट देने की अपील की। प्रत्याशी अरूण कुमार साबू, उदय लाल भाला, ज्योति सिंह आदि ने बताया कि चेंबर के चुनाव में कुल 30 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने दावा किया नामांकन करने वाले 30 उम्मीदवारों में से 21 उम्मीदवार टीम 21 के साथ हैं। इसलिए उनकी जीत पक्की है। कहा कि उनकी टीम की जीत होने पर व्यवसायियों के हित में हमेशा आवाज बुलंद की जाएगी। इस मौके पर आनंद कुमार, अरूण कुमार साबू, ज्योति सिंह, दिलीप कुमार कर,राजकुमार जयसवाल, उदय लाल भाला, विश्वजीत देवघरिया, सुमित कुमार जैन, अमित कुमार जैन, दीपक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार अग्रवाल, महेश कुमार, सुरेश प्रसाद, रोहित कुमार जैन, मुकेश चौधरी, आशीष कुमार,संजय कुमार सिंह और मुन्न प्रसाद शामिल थे।

## पिपरवार में संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक



पिपरवारा (आजाद सिपाही)। भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक बुधवार को सुदूरवर्ती गांव झूलनडीहा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा और संचालन संजय कुमार भोक्ता ने किया। बैठक में 12 सितंबर को सिमरिया में होने वाले संकल्प यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल मरांडी की सभा को लेकर योजना बनाई गई। इस दौरान मौजूद सांसद प्रतिनिधि सह मंडल प्रभारी ईश्वर दयाल पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर सभी शक्ति केंद्रों में बैठक की जाएगी। जिसमें सभी केंद्रो के संयोजक एवं अध्यक्ष बूथ कमेटी उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश के निमित हर गांव से मिट्टी संग्रह करने एंव बूथ स्तरीय विद्यालय मंदिरो में पौधा लगाना है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा करने का निर्णय लिया गया। संकल्प यात्रा में पिपरवार क्षेत्र से भारी संख्या में सिमरिया विधानसभा के संकल्प यात्रा में शामील होकर सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मंडल प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय, शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, करण महतो, सोमर गंझू, आदित्य केशरी, अरविंद सिंह, कीनू गंझू, बासुदेव गंझू, विनोद उरांव, श्रवण सिंह, विक्रम उरांव आदि थे।

## हेंदेगीर की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर खेल मैदान में युवा सरना क्लब की ओर से आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हुआ। उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर किया गया था, जिसमें कुल 20 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान कल्याणपुर बनाम हेंदेगीर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हेंदेगीर की टीम ने मेजबान कल्याणपुर की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विस्थापित नेता सह सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और खस्सी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर रामचंद्र उरांव, सचिन पासवान, राजेश महतो, राजकुमार उरांव, संदीप बाडा,बिद्दू उरांव आदि थे।

## खलारी में हर्षोल्लास से मना कृष्ण जन्मोत्सव

खलारी (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कई मंदिरों में भगवान कृष्ण का पालना सजाया गया। देर शाम से मंदिरों में हरिकीर्तन शुरू किया गया जो रात 12 बजे भगवान के जन्म के बाद समाप्त हुआ। भगवान के जन्म के बाद विशेष आरती की गई। साथ ही जन्माष्टमी को लेकर उपवास रखे हुए महिला-पुरूषों ने पूजन किया।

## सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

राहे (आजाद सिपाही)। चंदनडीह से सोनाहातू जाने वाली सड़क के महुआडीह-चिरुडीह गांव के समीप सदानंद महतो के घर पर विशाल पीपल का पेड़ गिर गया। जो मकान को क्षति पहुंचाते हुए सड़क पर जा गिरा, जिससे काफी नुकसान हुआ है। सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गई। इधर, सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना पाकर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो गांव पहुंचे और पेड़ को सड़क से हटाने के लिये पथ निर्माण विभाग के अभियंता से बात की। इसके बाद जेसीबी मशीन लगा कर पेड़ को दोपहर बाद सड़क से हटाया गया।

## हॉकी टूर्नामेंट का समापन, विजेताओं-उपविजेताओं को किया गया सम्मानित

अड़की (आजाद सिपाही)। शिक्षक दिवस पर बिंरबांकी के इंदीपीढ़ी मैदान में हॉकी का फाईनल मैच सारदा ए टीम बनाम मरला बी टीम बगड़ी ए टीम बनाम बहंडा बी टीम, कुईता बंकिरा ए टीम बनाम चुकलु बी टीम के बीच खेला गया, जिसमे विजेता टीम सारदा ए टीम, बगड़ी ए टीम, कुईता बंकिरा टीम रही, जबकि उपविजेता मरला ए टीम, बहंडा ए टीम, चुकलु ए टीम रही। फाईनल जीतने वाली टीमों को विशिष्ट अतिथियो द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद विजय सिंह मानकी, जिला परिषद परमेश्वरी सांडिल, गुंजन इकिर मुंडा जगदीश गुप्ता, प्रदीप समद, दित समद, सांगा पहान, जोगो पहान, भंगरा मुंडा, सोमा मुंडा, सागर मुंडा आदि उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी पर सर्वोदय स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सर्वोदय स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर कई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों के राधाकृष्ण वेस्ट जोड़ी प्रतियोगिता, इंटर हाउस पेंटिंग, मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंटर ग्रुप मटकी फोड़ प्रतियोगिता में वीनस ग्रुप के छात्र विजयी रहे। इसके अलावे सभी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक हराधन महतो, निर्देशक सुनील महतो, प्राधानाध्यपक ज्ञान महतो के निर्देश पर कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। मौके पर संजय शेखर, मनोज साव, दिलीप प्रामाणिक, परमेश्वर महतो, सजल मंडल, रीना भगत, लंबोदर महतो, संतोष महतो, चांदनी देवी, सुनीता मुंडा और प्रियंका देवी आदि मौजूद थे।

## शहीद एडीएम विद्या निकेतन में मना शिक्षक दिवस



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के शहीद अजित धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा में बुधबार को शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यकर्म प्रस्तुति किया गया। इस अवसर पर भाषण, गाना, हिंदी, नागपुरी और करम गाना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाकांत महतो, पं व्यासदेव महतो, रामा नाथ महतो, भीष्म देव महतो, त्रिलोचन यादव, गोपेश महतो, उषारानी महतो, भवानी कुमारी, देवेंद्र नाथ महतो, सुदेश महतो, गीतेश महतो, निशिकांत महतो आदि उपस्थित थे।

## राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शिशु, बाल और किशोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत अभिभावकों द्वारा किया गया। कुल 54 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति में मां यशोदा, राधा रानी, कृष्ण, ग्वाला, सुदामा, कंस, बलराम, देवकी, वसुदेव, रुक्मिणी, सुभद्रा आदि रूपों को धारण किया। साथ ही सभी बाल गोपालों ने अपनी रूप सज्जा के अनुरूप प्रसंगों, गीतों, नृत्यों, माखन चोरी के दृश्यों को दिखाया। अनेक भैया-बहनों द्वारा कृष्ण लीला से संबंधित गीत, नृत्य की भी प्रस्तुति भी दी गयी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली की भूमिका में अभिभावकों का योगदान रहा। प्रतियोगिता में प्रथम ऋषु राज, द्वितीय चंदा कुमारी और तृतीय भारत कुमार रहे। प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि प्रभु श्री कृष्ण हमें सत्य पर चलने और अधर्म के विरुद्ध युद्ध करने की प्रेरणा देते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना नीलू फैंस क्लब का मुख्य उद्देश्य : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नीलू फैंस क्लब की बैठक बुधवार को खूंटी के लोबिन बागान रोड नंबर 3 में हुई। जिसकी अध्यक्षता विनोद नाग ने की। बैठक में नीलू फैंस क्लब के संरक्षक और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन मदन मोहन गोप ने किया। इस दौरान आनेवाले दिनों में क्लब द्वारा आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के संबंध में चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि नीलू फैंस क्लब का गठन किए हुए लगभग पांच वर्ष हो गये हैं और इस दौरान लगभग 176 टीम इस क्लब से जुड़ गई हैं। कई अन्य नई टीम इस क्लब से जुड़ना चाह रहे हैं। कहा कि नीलू फैंस क्लब के गठन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे खेल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्र का नाम विश्व स्तर पर रौशन कर सकें। बैठक को विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो और विनोद नाग ने भी संबोधित किया। बैठक में बिरसा धान, चरण खलखो, अनूप कुजूर, थीबू नाग, देवानंद मुंडा, हरिनाथ मुंडा, मानसिंह बोदरा, लोकनाथ पूर्ति, दसाई मुंडा, राजेश नाग, बलराम मंडा, लदुरा मुंडा, मांगो मुंडा, मुचिराय मुंडा आदि थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। बाजारटांड़ स्थित जनता उच्च प्लस-2 में बुधवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखण्ड 2023-24 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने किया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-17 के बालक एवं बालिकाओं के बीच 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ की स्पाधाएं हुई। अंडर 14 के बालिका 100 मीटर दौड़ में प्रथम कोलपारा मध्य विद्यालय की खुशहाल कुमारी, मवि बमने की छात्रा आरती कुमारी द्वितीय और तृतीय स्थान पर जनता हाई स्कूल प्लस-2 की छात्रा सोनी कुमारी रही। वहीं अंडर-14 वर्ग के बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में प्रथम मवि पुरनी राय के राहुल कुमार, द्वितीय मवि महावीरनगर के मुकुंद मुंडा और तृतीय मवि राय के अभिशेक कुमार रहे। 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम उमवि राय की छात्रा वर्षा कुमारी, द्वितीय कोलपारा मवि की खुशहाल कुमारी तृतीय झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा कंचन रही।

## जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता जरूरी



खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत सामान्य जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदायों का क्षमता निर्माण, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के कार्यान्वयन, जलवायु संवेदनशील रोगों की निगरानी और उपाय आदि पर ध्यान केंद्रित करने वाली विभिन्न गतिविधियां की जाती हैं। बैठक में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव और इसके उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता और आपसी समन्वय से कार्य करने पर चर्चा करते हुए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य को लेकर कई निर्देश दिए गए। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के कारण होनेवाली विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के बारे में भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में कृषि उत्पाद पर जलवायु परिवर्तन, शहरी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, साफ सफाई पर ध्यान समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा करते हुए डीसी शशि रंजन ने पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

**निर्देश : महिला लखपति किसान योजना को लेकर बैठक**

# योजना का उद्देश्य महिला किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में महिला लखपति किसान योजना से संबंधित बैठक की गई। जिसमें पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला लखपति किसान के उद्देश्यों एवं कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस योजना के तहत जिले के सभी विभागों एवं जेएसएलपीएस के साथ सर्वे कर कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य किया जाना है। डीसी ने कहा कि जिले के कर्रा प्रखंड को रिसोर्स ब्लॉक के रूप में चयनित किया गया है। कर्रा ब्लॉक में उचित क्रियान्वयन के साथ ही अन्य प्रखंडों में भी इसका क्रियान्वयन किया जाएगा। डीसी ने निर्देश दिया कि इससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाय। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। महिला लखपति किसान योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर जेएसएलपीएस को नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग द्वारा सर्वे करते हुए अन्य विभागों को पूर्ण डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश डीसी ने दिए। बैठक में एसएचजी परिवारों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की रणनीति को लेकर विभिन्न बिंदुओं जैसे संस्थान निर्माण और वित्तीय समावेशन पर चर्चा की गई। जेएसएलपीएस के डीपीएम ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरूआत लोधमा पंचायत में की जा रही है। पंचायत में आजीविका संवर्धन की विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन सफलता पूर्वक किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित पंचायत में बेकरी यूनिट के संचालन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विस्तार से विभिन्न विभागों के कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग, कृषि और गैर-कृषि, कौशल, उद्यम को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम समृद्धि और आजीविका विकल्पों का विस्तार करना। निजी क्षेत्र की भागीदारी - स्टार्ट-अप, एफपीओ, एनजीओ, ग्रामीण उद्यम केंद्र के साथ साझेदारी करना। इसके अतिरिक्त माइक्रो क्रेडिट योजना, वित्तीय समावेशन , बैंक लिंकेज, महिला उद्यम त्वरण निधि (क्रेडिट गारंटी, नवाचार), कृषि आजीविका, एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) के तहत किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई।

# अधिग्रहण का पैसा नहीं मिलने से नाराज किसानों ने भारत माला सड़क परियोजना का काम रोका



**विधायक ने किसानों व परियोजना पदाधिकारियों की बैठक बुलाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बनाए जा रहे सड़क निर्माण के लिए प्रोजेक्ट पदाधिकारी भारी पुलिस बल, पोकलेन व जेसीबी के साथ ओरमांझी प्रखंड के गुडू व रोला गांव पहुंचे। जैसे ही इसकी जानकारी किसानों को हुई वो कार्य करा रहे स्थल पर पहुंचे और काम बंद करने को कहा। किसानों ने कहा जब तक मुआवजा राशि नहीं मिलेगी तब तक काम नहीं कर सकते। इस क्रम में ग्रामीणों व पुलिस जवान के बीच रह रह कर बहस होती रही। मौके पर उपस्थित अधिकारी उपेन्द्र कुमार का कहना था कि उपायुक्त का आदेश है अधिगृहित जमीन को खाली कराने का। किसान अपनी जिद पर अड़े थे जब तक अधिग्रहित जमीन का मुआवजा राशि नहीं मिलेगा हम काम नहीं करने देंगे। इसके लिए हमारी जान ही क्यों ना चली जाए। हम लोग बिना मुआवजा राशि मिले अपनी जमीन नहीं देंगे। इस बीच कुछ किसानों को पुलिस के जवान कॉलर पकड़ कर ले जा रही थी, जिसे उग्र हो ग्रामीणों ने पुलिस जवानों से छुड़वाया। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, प्रखंड उपप्रमुख रिजवान अंसारी व विधायक प्रतिनिधि सफियुलला अंसारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी खिजरी विधायक राजेश कच्छप को दी।

विधायक ने गुरुवार को पंचायत सचिवालय में भुअर्जन पदाधिकारी व प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ बैठक कर किसानों की समस्या का समाधान करवाने की बात कही। मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित उपेन्द्र कुमार से तत्काल काम बंद रखने को कहा गया। विधायक ने कहा जब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं होता, काम नहीं हो सकता है।

# लापुंग के मालगो में एक नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या

**लड़की के फुफेरे भाई के खिलाफ मृतका की मांग ने दुष्कर्म और हत्या के आरोप में दर्ज करायी प्राथमिकी**

**पुलिस ने दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग थाना के मालगो गांव में एक नाबालिग लड़की की लाश बिनोद साहू उर्फ बिनु साहू पिता पूना साहू के घर से लापुंग पुलिस ने 5 सितंबर की देर रात बरामद किया। आशंका व्यक्त की गयी कि ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर साक्ष्य छुपाने की नियत से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 सितंबर को आरोपी तोरपा थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिल से शाम चार बजे जबरन मोटरसाइकिल से लाया और रात को खाना खाने के बाद नाबालिग ममेरी बहन को आरोपी एक ही कमरे में सोने के लिए गांव के किनारे मालगो (कोड़ाटोली) स्थित एकांत में घर में ले गया। लगभग बारह बजे नाबालिग की मौत के बाद अपनी जीभ को धारदार हथियार से काट कर घायल अवस्था में गांव में अपने पुराने घर पर पड़ोसी को उठाकर फोन पर 108 एम्बुलेंस और लापुंग थाना को फोन पर सूचित किया। अपनी मामी मुनी देवी को 5 सितंबर को फोन पर रात करीब बारह बजे सूचना दी कि उसकी बेटी को कोई मार दिया है। लापुंग हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर जब सुबह छह बजे लापुंग आई तो देखी कि उसकी बेटी मरी हुई थी। नाबालिग लड़की अपने ही गांव में कक्षा आठ में पढ़ती थी। रात में थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम लाश को अपने कब्जे में कर लापुंग थाना लाये व पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। पुलिस ने बुधवार की देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कल गुरुवार जेल भेजा जाएगा। आरोपी शादीशुदा और दो बच्चों का बाप है। उसकी पत्नी मायके चली गई थी। आरोपी बाहर काम करने गया था। रविवार 3 सितंबर को घर आया था व घटना को अंजाम दिया। मृतका की माता मुनी देवी ने लापुंग थाना में अपने बेटी के कातिल बिनु उर्फ बीरेंद्र साहू के विरुद्ध प्रथमिकी दर्ज करायी है। बताया कि मालगो गांव में अपनी बेटी को आने नहीं दे रही थी, पर आरोपी जबरन मोटरसाइकिल से लाया और घटना को अंजाम दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हरे रामा हरे कृष्णा के साथ उकरीद में जन्माष्टमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उकरीद स्थित बजरंगबली मंदिर में मानव सेवा आश्रम पूजा समिति उकरीद के द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह नौ बजे विधि-विधान पूर्वक पण्डित रामाकांत मिश्रा ब्रजेश मिश्रा बालगोविंद मिश्रा व मुकेश पाण्डेय के द्वारा हरे रामा हरे कृष्णा बोल के साथ हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया। राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता के अलावे ओरमांझी उकरीद, चेतनवारी, तेतरीया टोला कोरजा टोली, तापे, नकवा टोली सहित दर्जनों गांवों के कीर्तन मण्डलियो ने कीर्तन के सफल आयोजन में भाग लिया। कीर्तन के आयोजन में समिति के बिष्णु मुण्डा,महेन्द्र गोप, नरेश गोप, दशरथ महतो, रविन्द्र महतो, नरेश महतो, कामेश्वर महतो, बालकिशोर महतो सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### नवागढ़ में नवनिर्मित जल मीनार का उद्घाटन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के नवागढ़ गांव में आज बुधवार के दिन नवागढ़ नीचे टोली अनुसूचित जाति बहुल टोला में झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम के द्वारा नव निर्मित सोलर आधारित लघु पेय जल आपूर्ति जल मीनार का उद्घाटन जिला कल्याण पदाधिकारी संगीत सरन के द्वारा किया गया। साथ में क्षेत्रीय संगठन पदाधिकारी अवधेश कालिंदी उपस्थित थे। जिला कल्याण पदाधिकारी ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल योजना, असाध्य बीमारी के इलाज के लिए मिलने वाला सहायता राशि एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। इस अवसर पर फलदार पौधा भी लगया गया। कार्यक्रम आयोजन में हस्त शिल्प विकास समिति हजारीबाग का अहम योगदान रहा। मौके पर नरेश ठाकुर, लाभुक समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार मिर्धा, संजय गोप, राजेन्द्र प्रसाद, बिकास मिर्धा, पतिया मिर्धा, दुतिया मिर्धा, सती देवी, पूनम देवी, संजुड़ा देवी, विमला देवी, जसोदा देवी, रुसवा मिर्धा, शिवचरण मिर्धा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अनगड़ा में चेहल्लुम पर निकाला गया जुलूस, सड़क पर दिखा लोगों का हुजूम

**चेहल्लुम एक ऐसा पर्व है जिसमें त्याग और बलिदान का बहुत बड़ा समंदर दिखाई देता है : रामकुमार पहान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** इस्लाम जिंदाबाद, नारा ए तकबीर, अल्लाह हू अकबर के बुलंद नारों के बीच बुधवार को गोंदलीपोखर में चेहल्लुम पर्व पर भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मोर्हरम कमेटी हेसल एवं चिलदाग गांव की ओर से निकाला गया। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए गोंदलीपोखर बाजार टांड़ पहुंचा। जहां अस्त्र-शस्त्र चालन का शानदार प्रदर्शन किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पहान थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, डॉ रिझु नायक, नरेश साहू, विरेन्द्र सिंह भोगता, सुंदरी तिर्की, राजेन्द्र मुण्डा, मुस्तफा अंसारी, रामसाय मुण्डा, सिकंदर अंसारी आदि मौजूद थे। संचालन अब्दुल इमाम अंसारी एवं इजराइल अंसारी ने किया।

मौके पर रामकुमार पहान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन उनके 72 साथी कर्बला में शहीद हो गए थे। उनके ही शहादत के चालीसवें दिन चेहल्लुम पर्व मनाया जाता है। कहा कि यह एक ऐसा पर्व है जिसमें त्याग और बलिदान का बहुत बड़ा समंदर दिखाई देता है। जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत तथा बलिदान का प्रतीक है। डॉ रिझु नायक ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र करते हुए कहा कि आज मुस्लिम समुदाय को इमाम हुसैन के त्याग, बलिदान एवं संघर्ष से सीख लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महमुद अंसारी, शौकत अंसारी, अहमद अंसारी, सामु, अंसार अंसारी, इब्राहिम अंसारी, मोनाजीर अंसारी, एजाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, इरफान अंसारी, रब्बानी राज, समीम, इमरोज, अफरोज, इस्लाम, सलीम, युसूफ, हजरत, कलाम, अब्बास आदि का योगदान रहा।

### अविश्वास प्रस्ताव से हटे उप मुखिया, नये उपमुखिया बने सतीश सिंह



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघीया पंचायत में बुधवार को अविस्वास प्रस्ताव लाकर पंचायत के उपमुखिया पतरस तिर्की को हटाया गया। पंचायती राज व्यवस्था में शायद पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का प्रयोग किया गया है। पंचायत भवन में आयोजित बैठक में बीडीओ डा प्रवीण कुमार पंचायती राज पदाधिकारी बासुदेव बड़ाइक पंचायत की मुखिया प्रबला केरकेट्टा की मौजूदगी में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जहां उपमुखिया के विरूद्ध सभी वार्ड सदस्यों ने अपना मत दे दिया। इसके बाद नए उपमुखिया के चुनाव के लिए मतदान कराया गया जिसमें सतीश सिंह को 7 वोट उमेश भगत को 3 वोट मिला जिसमें सतीश सिंह 4 मतो से विजय हुए। वही 3 वोट अवैध हुए। वही बीडीओ ने मुखिया व वार्ड सदस्यों के समक्ष उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपते हुए शपथ दिलायी।

# स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने नगड़ी में लगाया जनसुनवाई शिविर




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को नगड़ी के नीरज मेडिकल के पास शिविर लगाया। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 54 लोगों का आवेदन मिला। मंत्री महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 लोगों का फोन के माध्यम से समाधान किया। साथ ही नगड़ी प्रखंड वासियों की समस्या का समाधान हेतु 8 सितंबर 2023 को नगड़ी स्वास्थ्य केंद्र में रांची जिला सिविल सर्जन को कैंप लगाकर समस्याओं का समाधान करने का आदेश दिया। जिनका भी आवेदन मिला उन्हें मंत्री जी ने अपने लेटर पैड में विभाग को आवेदन किया। एक किडनी खराब पेशेंट का इलाज मंत्री जी ने मुफ्त में करवा देने का आश्वासन दिया। इसके अलावे रोड, नाली, धमकुरिया, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हेतु आम लोगों का जनसुनवाई मंत्री जी ने की। मौके पर जिप सदस्य पूनम देवी, प्रखंड अध्यक्ष सहावीर लोहरा, शाहिद अहमद, कृजीवन महतो, अख्तर अंसारी, कुलदीप तिवारी, बजरंग महतो, शाहिद मास्टर, मकसूद अंसारी, माहिर अंसारी, शक्ति महतो, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, मंजूर अंसारी, कुर्बान अंसारी, कलीम अंसारी, अर्चना देवी, मणिकांत ओझा, चमरू उरांव, लक्ष्मी देवी, जतरी देवी, शकील अंसारी, परवेज अंसारी, हेमंत तिर्की, सरफराज अंसारी, स्टीफन होरो, मुबारक अंसारी, बोनी होरो, सरफुल अंसारी, सरवरी खातून, अब्दुल मन्नान, नुरुल होदा और अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

# झारखंड कुरमी महासभा ने गोंदलीपोखर में अन्याय दिवस मनाया

**कुरमी समाज को अविलंब अनुसचित जनजाति में शामिल करने की मांग भारत सरकार से की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई ने बुधवार को गोंदलीपोखर में अन्याय दिवस मनाया। इस दौरान कुरमी समाज को अविलंब अनुसचित जनजाति में शामिल करने की मांग भारत सरकार से की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बालकुमार महतो ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर कहा गया कि 6 सितंबर 1950 को आजाद भारत का पहला अनुसूचित जनजाति सूची जारी किया गया था। इस सूची में उन्हीं को शामिल करना था जो 1931 के जनगणना में जनजाति आदिवासी दर्शाए गए थे। 1913 और 1931 के ही गजट नोटिफिकेशन के द्वारा बिहार और उड़ीसा के कुरमी/कुड़मी को 12 जनजातियों के साथ भारतीय उतराधिकार अधिनियम से मुक्त रखा गया था। इसके बावजूद 6 सितंबर 1950 को जारी अनुसूचित जनजाति की सूची में कुरमियों/कुड़मियों को शामिल नहीं किया गया। सवाल उठता है कि उस वक्त क्या परिस्थिति बनी कि इन्हें क्यों नहीं सूचीबद्ध किया गया तथा किसके आदेश से इन्हें सूची से हटाया गया। इसका जवाब भारत सरकार के पास नहीं है। मौके पर कारीनाथ महतो ने कहा कि भारत सरकार अपनी भूल में सुधार करे तथा कुरमी समाज को उनका संवैधानिक हक अधिकार प्रदान करे। उन्होंने कुरमी समाज को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने की मांग की। पंकज कुमार महतो ने कहा कि कुरमी समाज को जब तक अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल नहीं किया जाएगा तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। संचालन जिला महासचिव ज्योतिष कुमार महतो ने किया।

कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सकलनाथ महतो, राजीव चौधरी, रामेश्वर महतो, दिनेश महतो, जगरनाथ महतो, मोहन महतो, धनेश्वर महतो, रामलाल महतो, विमला देवी, रीता देवी, जीरा देवी, सुनीता देवी, सीमा देवी, समलनाथ महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10 पोल के तार चोरी होने से आधा गांव में पसरा अंधेरा

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के कोलम्बी गांव में बीती रात अज्ञात चोर बिजली के 10 पोल के तार चोरी कर ले गये। जिससे आधा गांव अंधेरा में है। चोरों ने गांव के राज तिर्की के घर से मंटू तिर्की के घर तक दस पोल के तार चोरी कर लिये। ग्रामीणों ने इसके लिये बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों एवं नगड़ी थाना को लिखित आवेदन देकर गांव के उप मुखिया नीतू तिर्की, ग्राम प्रधान विलियम लकड़ा, वार्ड पार्षद फुलमनी खलखो ने बिजली तार चोरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है और चोरी गए पोल में तार लगाने की मांग की है, ताकि बरसात में ग्रामीणों को असुविधा न हो।

### तिसरी बार रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के प्रवक्ता बने बिक्कू सिंह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के गठन को लेकर गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें नामकुम बाजार टाटा रोड स्थित बरगावां निवासी बिक्कू सिंह को लगातार तिसरी बार रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का प्रवक्ता बनाया गया। बिक्कू सिंह को प्रवक्ता बनाये जाने पर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, महामंत्री कुंदन सिंह, महावीर मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, शारदा सिंह, अनिल वर्मा, मंटू राय, रिंकू सिंह, शंकर पांडेय, आशिश बेक, मुकेश सिंह, मुकेश ठाकुर, बिमल कुमार, रजनी देवी, सुषमा नायक, बिनोद एक्का, बिरेन सिंह, प्रकाश भारती, गोल्डी सिन्हा, अनिल सिंह, संजय सिंह के साथ अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# सिकिदिरी के हरातु मौजा में रैयती जमीन का किया गया फर्जीवाड़ा

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हरातु मौजा खाता स० - 2 प्लॉट स० 54 का फर्जी कागजात बना कर रैयतों से जमीन हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। रैयत बालेशवर भगत पिता स्व०मुरारी भगत ने अरोप लगाया है कि हरातु मौजा खाता न० 02 प्लॉट न० 54 सामा साव व सुमित्रा कुंवारी के नाम से है। जिसे अनील चौधरी, ,गेतलसुद अनगड़ा निवासी एंव अशोक चौधरी, मनोज चौधरी पिता बाबूलाल चौधरी सिकिदिरी रॉची द्वारा कथित रूप से फर्जी कागजात बनाकर थाना प्रभारी के संरक्षण में हम रैयतों को डरा धमका कर जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी जमीन के वास्तविक हकदार बालेशवर भगत वगैरा हैं। बालेशवर भगत ने यह भी अरोप लगाया हैं कि थाना प्रभारी ने अनील चौधरी के इसारे पर थाना ले जाकर हमारे साथ मारपीट किया। इस सम्बन्ध में बालेशवर भगत ने वरीय पुलिस अधिक्षक , उपायुक्त , उप विकास आयुक्त एवं डीएसपी सिल्ली को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# स्वर्ण डीपीएस में कृष्ण जन्माष्टमी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मना

**मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधाकृष्ण की वेशभूषा में बच्चे स्कूल पहुंचे और फैंसी ड्रेस, नृत्य नाटक,राइटिंग व संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों ने श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकियां भी सजाई। राधा कृष्ण, गोपियां और ग्वाल वाल की वेशभूषा में सजे बच्चों ने शिक्षकों का मन भी मोह लिया। स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चे कृष्ण व राधा बने बाल रूप ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल में फैंसी ड्रेस तथा दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल में बच्चों ने दही-हांडी तोड़ी और स्कूल को विभिन्न तरह की मटकियों को फूलों से सजाया गया। एक दूसरे को माखन-मिश्री भी खिलाई। पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए बांसुरी तैयार की और तीसरी और चौथी कक्षा के बच्चों ने ताज बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों ने राधा और कृष्ण के लिए सुंदर-सुंदर मोर पंख के मुकुट ताज बनाएं। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण जी के लिए सुंदर झूला भी बनाया जिसमें श्री कृष्ण जी की मूर्ति को विराजमान किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने पुरस्कृत किया। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की जानकारी दी। कृष्णा जन्माष्टमी के महत्व को बताते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की महत्वपूर्ण बातें साझा की। यह आयोजन बच्चों को भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने में मदद करता है। साथ ही बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

स्कूल कमिटी के उपाध्यक्ष, अधिवक्ता श्री अविनाश कुमार जी ने इस अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद देते हुए सच्चाई के मार्ग पर चलने को कहा एवं पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। कमिटी के उप-निर्देशक व सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती पोला बनर्जी जी ने बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव के कारण इसके दूर रहने की सलाह दी व बच्चों को माता पिता एवं शिक्षकों को आदर सम्मान करने, हर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने एवं मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से जो बच्चे इसमें भाग लेते हैं उन बच्चों में बहुत निखार आती है इसलिए बच्चों को बढ़ चढ़ कर हर कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए।

अतिथियों में 21 पड़हा राजा महादेव कुजुर, नारायण महली, रंजन गुप्ता, बिमल भगत, प्रदीप महली मौजूद थे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्देशक श्री दीपम बनर्जी, उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद, शिक्षिका श्वेता खन्ना, प्रेमिका लकड़ा, संध्या साहू, बिजेता गुप्ता, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी, राज कूपर, सुरेंद्र साहू मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र में बुधवार को बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर टाटीसिलवे स्थित राम शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक पूजा-अर्चना के लिये जुटी रही। राधा-कृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी तथा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा भव्य झांकी का आयोजन किया गया था। छोटे-छोटे बाल गोपाल के द्वारा गोप-गोपी बनाकर दही हांडी फोड़ी गयी। पूजा अर्चना शिव मंदिर के पुजारी राम प्रसाद पांडे और मधुसूदन पांडे ने करायी। पूजन को सफल बनाने में राहुल कुमार पांडे, शिवशरण पांडे, संध्या कुमारी, विमला देवी, किरण देवी, दीपक पांडे, संदीप पांडे, सुजीत ठाकुर, रितु देवी के साथ अन्य लोगों का अहम योगदान रहा।

### सीआइटी में लगा हेल्थ चेकअप कैंप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी के राष्ट्रीय सेवा योजना विंग एवं राज हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को संस्थान में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिये हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थिओं को रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट की रोकथाम के लिये जागरूक किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप में राज हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ अभिषेक भट्टाचार्य एवं डॉ आदित्य ने कर्मियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी, वजन, चेहरे व दाँत से सम्बंधित बीमारियों की जाँच की। वहीं, दूसरे सत्र में रोड ट्रैफिक एक्सीडेंटअवैरनेस कार्यक्रम में चिकित्सकों व मेडिकल टीम ने विद्यार्थियों को दुर्घटना से बचने के अधिक से अधिक उपायों के बारे में बताया। हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं, तेज रफ्तार से बचें और सबसे जरुरी बात अपने वाहन में फर्स्ट ऐड की सुविधा जरूर रखें। मौके पर एन.एस.एस कोर्डिनेटर व प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मांडर विधायक ने की चान्हो प्रखंड के पंचायतों में चल रही योजनाओं की समीक्षा



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बुधवार को चान्हो प्रखंड सभागार में प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारियों के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे चल रहे जल नल योजना पर काम कर रहे ठीकेदार, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सीडीपीओ, कल्याण विभाग, जेएस एल पी एस, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा के प्रतिनिधि, सभी पंचायत सेवक और पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं पिछले बैठक मे दिये गये टास्क के बारे मे चर्चा किया गया। किन योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है और किन योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है। साथ ही दिये गये टास्को मे कितना पर कारवाई हुआ और कितने मे कारवाई नही हुआ उसकी जानकारी लिया जा सके। विधायक ने ब्लॉक मे 10 विकलांग लाभुकों के बीच ट्राई साईकिल का वितरण भी किया। सभी विभाग के पदाधिकारियों ने बारी बारी से योजनाओं का ब्यौरा विस्तार से दिया।

## नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड योजना का हरिहरगंज में हुआ चिंतन शिविर का आयोजन

# बेहतर काम कर प्रखंड का करना है विकास : डीसी

**शशि रंजन ने हरिहरगंज प्रखंड को डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी बनाने पर की चर्चा**

### समीक्षा में सही जवाब नहीं देने पर बीइइओ को निकाला, एक सप्ताह का वेतन काटने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड योजना के तहत एक मात्र चयनित पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड के सर्वांगीण विकास को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में चिंतन शिविर आयोजित हुई। शिविर में मुख्य रूप से ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी बनाने पर चर्चा की गई। बताया गया कि भारत सरकार की ओर से आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत झारखंड के 34 प्रखंडों का चयन किया गया है। उनमें पलामू के हरिहरगंज प्रखंड भी शामिल है। वहीं विशेष चर्चा करने से पहले डीसी ने मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, मनरेगा और महिला एवं बाल विकास परियोजना की समीक्षा की। इस दौरान शिक्षा विभाग के बीइइओ रामनरेश राम से एजुकेशन के 11 इंडिकेटर पर पूछे जाने पर वे नहीं बता पाये। इससे नाराज डीसी ने उन्हें शिविर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। वहीं विरसा हरित ग्राम योजना में निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं करने पर एक सप्ताह का वेतन काटते हुए, लक्ष्य को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया।



चिंतन शिविर में शामिल डीसी शशि रंजन व अन्य।

इस दौरान डीसी ने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड को विकास के लिए नीति आयोग द्वारा 39 इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। जिसके अंतर्गत हमें बेहतर कार्य कर प्रखंड का विकास सुनिश्चित करना है। इनमें हेल्थ एवं न्यूट्रिशन सेक्टर के 14 इंडिकेटर, एजुकेशन से 11 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर एवं एलाइड सर्विसेज से 5 इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 5 इंडिकेटर एवं सोशल डेवलपमेंट से 4 इंडिकेटर पर कार्य करना है। इस प्रकार हम 39 इंडिकेटर पर बेहतर कार्य करके हरिहरगंज प्रखंड को पूरे राज्य एवं देशभर में एक अलग पहचान दिला सकते हैं। इस कार्य के लिए हमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग की काफी अपेक्षा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्षेत्र के शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए आज चिंतन शिविर में हम साथ मिलकर विभिन्न इंडिकेटर के आधार पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी तैयार करें। जिसके आधार पर हरिहरगंज प्रखंड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कराई जा सके।

चिंतन शिविर में प्रखंड के भौगोलिक क्षेत्रफल एवं प्रखंड में मौजूद चिकित्सा सुविधा, शिक्षा व्यवस्था, कृषि, बाल विकास, जेएसएलपीएस, मनरेगा, पशुपालन एवं पीएचडी विभाग समेत अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों की संपूर्ण जानकारी भी साझा किया एवं ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी बनाने को लेकर विभिन्न विभागों की भूमिका एवं उनके दायित्व पर विचार विमर्श किया गया।शिविर में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी नरेंद्र गुप्ता,प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेवा राय,परिमल फाउंडेशन के जिला लीड अनिल कुमार गुप्ता, बीइओ रामनरेश राम, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार,प्रमुख कमला देवी, जिला पार्षद मंजू देवी, उप प्रमुख ममता देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार कुशवाहा, बीपीएम संजय सिंह, रेखा कुमारी, बीएओ ब्रजेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, अधिकारी व सभी कार्यालय कर्मी, सहिया, सेविका व अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# शहर को और भी खूबसूरत बनाया जायेगा: नगर आयुक्त

## सकारात्मक बोर्ड से बदली शहर की छवि: अरुणा शंकर



**दिल्ली दरबार शहर का पहला ओपन एयर रेस्टोरेंट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के चर्चित गांधी उद्यान में दिल्ली दरबार के नाम से नवनिर्मित वेज ओपन एयर रेस्टोरेंट का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। लोगों ने यहां के खुशनुमा वातावरण एवं अत्याधुनिक हाइजीनिक रेस्टोरेंट की काफी सराहना की। नगर आयुक्त रवि आनंद ने उद्घाटन करते हुए कहा कि मेदिनीनगर बदल रहा है। मेरे आने के बाद कई बदलाव आए हैं जिसमें प्रथम महापौर अरुणा शंकर की दूरदर्शी विजन, पूर्व के बोर्ड एवं पूर्व नगर आयुक्त का काफी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में निगम की काफी योजनाएं तैयार हैं, जो जल्द धरातल पर उतरेगा जिससे हमारा शहर और भी निखरेगा। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे कार्यकाल के कार्यों की हर जगह सराहना हो रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि गांधी उद्यान में जहां कभी कचरे का अंबार लगा रहता था वहां आज शहर का सबसे बेहतरीन पार्क हम लोगों ने बनाया और अब शहर का सबसे बेहतरीन एवं प्रमंडल का पहला ओपन एयर वेज रेस्टोरेंट जहां दिल्ली के बेहतरीन कारीगरों द्वारा इंडियन, चाइनीस, साउथ इंडियन फूड के साथ शानदार चटपटा चार्ट एवं जलेबी का स्वाद लेते हुए लोग बच्चों को मैदान में खेलते देखेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि दिल्ली दरबार द्वारा बड़े-बड़े क्लबो की तरह लगाए गए बड़ा स्क्रीन जहां लोग गानों के साथ मैच के साथ ही भोजन का भी आनंद लेंगे। यह शहर के लिए एक नई पहल है जिसे लोग पसंद करेंगे। उद्घाटन के अवसर पर सभी लोगों ने वहां के हाइजीनिक तरीके से बने स्वादिष्ट खाने की काफी तारीफ की और कहा कि सही में दिल्ली दरबार के व्यंजन दिल्ली का एहसास करा रहा है। साथ ही लोगों ने सभी चीजों के न्यूनतम दर को भी सराहा। अंत में रेनू शर्मा ने शहर के नागरिकों की ओर से प्रथम महापौर, नगर आयुक्त, उपस्थित सभी पार्षदों को शहर को दिए गए इस नए उपहार के लिए कोटि-कोटि बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया तथा वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया।

### जन्माष्टमी में मिलेंगें बिना लहसुन प्याज के खाने : अरविंद

**दिल्ली दरबार के व्यवस्थापक अरविंद भसीन ने बताया कि जन्माष्टमी सहित त्योहारों के दिन बिना लहसुन प्याज के सारे खाने यहां तक की गोलगप्पा, चार्ट, साउथ इंडियन दिल्ली दरबार में उपलब्ध होगा। यह भी बताया कि छोटे-छोटे बच्चों का शाम पांच बजे से फैंसी शो भी आयोजित होगा। जो बच्चे भी भाग लेना चाहे गांधी उद्यान दिल्ली दरबार मंच पर आ सकते हैं।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तुंबागडा से कुंदरी की महिला का शव बरामद

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा थाना क्षेत्र के तुंबागडा में औरंगा बांध निर्माण के स्टॉफ के लिए बनाये गये कॉलोनी के एक कमरे से 35 वर्षीय महिला का शव बुधवार को बरामद किया है। शव बुरी तरह से सड़-गल गयी थी। आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ बलात्कार करने के बाद साक्षय छिपाने के लिए उसकी हत्या कर दी गई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेंज दिया गया है। शव की पहचान मीना कुवंर पति स्वर्गीय संतु पाल कुंदरी, लेस्लीगंज के रूप में की गई। एएसआई राकेश पाण्डेय ने बताया कि शव कम से कम पांच दिनों से पडा हुआ हो सकता। पूरा चेहरे को कीड़े खा गये हैं। चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है। हत्या के साथ बलात्कार की आशंका है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### वज्रपात की चपेट में आकर किसान की मौत

हुसैनाबाद 9आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डंडीला गांव निवासी सुदामा यादव की ब्रजपात की चपेट आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुदामा यादव बुधवार की शाम गांव के समीप अपने खेतों में खाद छिटकर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी अचानक तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। इसी बीच वज्रपात होने से उसकी चपेट में आने से सुदना गंभीर रूप से झुलस गया। स्थायीन ग्रामीणों के सहयोग से उसे तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। किसान के आकस्मिक मौत पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, युवा राजद नेता रवि यादव, विनय सिंह यादव, कृष्णा यादव, रामलखन यादव, चंदन बैठा, सुदामा यादव, शिवशंकर यादव, सुदेश्वर राम, राजेश्वर यादव और मुखिया मंजू देवी सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### रेलवे में क्लर्क पद पर चयन होने पर उतरी जिप सदस्य ने किया सम्मानित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बनकट गांव निवासी सुरेश मेहता के पुत्र जय प्रकाश वर्मा की पत्नी खुशबू कुमारी वर्मा को धनबाद डीआरएम ऑफिस में क्लर्क पद पर चयन हुआ। जिसके बाद हुसैनाबाद उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता ने शॉल और बुके देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। जिप सदस्य ने कहा कि आज की बेटियां शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहराकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। साथ ही उनके सफलता से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विदित हो कि खुशबू कुमारी वर्मा आरआरबी एनटीपीसी द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर धनबाद रेलवे के डीआरएम कार्यालय में क्लर्क पद पर अपना योगदान दिया है। वहीं, सम्मानित करने वालों में प्रयाग मेहता, विनय मेहता आदि मौजूद थे।

# सीआरपीएफ और पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता, भारी मात्रा में बरामद हुआ विस्फोटक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जांच अभियान के दौरान पलामू पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी। माओवादी नक्सलियों का छिपाया हुआ हथियार पुलिस ने बरामद किया है। पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के कुंडीलपूर इलाके में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन ने एंटी नक्सल अभियान के तहत जांच अभियान चला रही थी।इसी अभियान के क्रम में कुंडीलपुर के जंगल में माओवादियों द्वारा छुपाए गए एके 47 की गोली समेत भारी मात्रा में तरह-तरह के विस्फोटक सामग्री, वर्दी, मैगजीन और आईडी बनाने वाली सामाग्री बरामद की गई है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि लगातार नक्सलियों के खिलाफ पलामू पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा जिले के अति नक्सल इलाको में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मनातू क्षेत्र ने भारी मात्रा में बारूद और विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया है। इसके बारे में पुलिस की ओर से गहनता से जांच की जा रही है।



### देश और समाज के विकास में शिक्षकों की महती भूमिका : निदेशक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान, विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, बेबी सेख, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार चौहान, दीपक प्रजापति, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार आदि थे। निदेशक ने कहा कि देश और समाज के विकास में शिक्षकों की महती भूमिका है।**

### शिक्षक राष्ट्र की धरोहर: अविनाश




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए जेएमपी कॉप्लेक्स बाईपास रोड मेदिनीनगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन व सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि देश व राष्ट्र के निर्माण के असली सूत्रधार शिक्षक ही होते हैं जो चाहें जैसा चाहें बच्चों को बना सकते हैं। शिक्षक का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रनिर्माण होना चाहिए। इसीलिए सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि विद्यार्थियों में नैतिक, बौद्धिक, सामाजिक ज्ञान होना जरूरी है। शिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य प्रकृति प्रेम, मानवतावाद एवं समन्वय की शिक्षा होनी चाहिए। समाज में शिक्षकों के यही अमूल्य योगदान है। शिक्षकों को ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना निरन्तर सीखते रहने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एसबी साहा, रौशन कुमार सहित आदि उपस्थित रहें।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपा नगर मंडल की बैठक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड एक स्थित भलुही गांव में बुधवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपा नगर मंडल की बैठक हुई। बैठक में कई कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गयी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शंखनाद अभियान पर भी चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कार्यकर्ताओं को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर शिववंश मिश्रा, देवनारायण सिंह खरवार, संजय साह, सुरेंद्र भारती, रजनीश चंद्रवंशी, रामप्रवेश मेहता, अर्चना देवी, बेबी देवी, विश्वनाथ विश्वकर्मा आदि थे।**

### युवक की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मुरमा कला टोला ग्राम पंचायत अंतर्गत लकड़ही गांव निवासी अयोध्या रजवार के 26 वर्षीय पुत्र की मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान शिवा पति रजवार के रूप में हुई है। मृतक की दादी ने बताया की शिवा रात में खाना खा कर बाहर निकला था। जबकि घर के बाकि सदस्य खाना खा कर सो गए। इस बीच बुधवार की सुबह करीब पांच बजे घर वाले जागे तो शिवा का शव घर के बाहर गेट के पास ही कपड़े सुखाने के तार के सहारे लटकता हुआ बरामद हुआ। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उधक एएसआई रमेश चंद्र महतो ने बताया कि परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर सच्चाई का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## स्पोर्ट्स




भारत में होने जा रहे वन डे वर्ल्डकप के लिए आस्ट्रेलियाइ टीम का ऐलान हो गया है। कप्तान पैट कमिंस होंगें।

## वन डे वर्ल्डकप : एबॉट भी टीम में हुए शामिल, लाबुशेन का नाम नहीं

# वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, पैट कमिंस कप्तान

**पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को चेन्नई में मेजबान भारत से**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को एक महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन लिया है। टीम की कप्तानी पैट कमिंस के पास ही रहेगी। टीम में तेज गेंदबाज सीन एबॉट को भी जगह मिली है। ये उनका पहला वर्ल्ड कप होगा। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत पांच अक्टूबर से हो रही है। पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक मैदान पर मेजबान भारत से होगा।




### लाबुशेन को टीम में नहीं मिली जगह

टेस्ट टीम के स्टार खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन को टीम में जगह नहीं मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 संभावित खिलाड़ियों को चुना था। संभावितों में सबसे चौंकाने वाला नाम अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर सांघा और अनुभवहीन ऑलराउंडर एरोन हार्डी का था। जो 18 में से तीन खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली है, वो एरोन हार्डी, तेज गेंदबाज नाथन एलिस और युवा स्पिनर तनवीर सांघा हैं। लाबुशेन को 18 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में भी जगह नहीं मिली थी।

### वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम

**पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा और मिचेल स्टार्क।**

### 28 सितंबर तक स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं टीमें

वर्ल्ड कप पांच अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगी, टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक अपने स्क्वॉड की फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (क्ळउ) को देना है।

### वर्ल्ड कप में खेले जाएंगे 48 मुकाबले

भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक लीग स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा। वहीं, वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरूआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

# सनातन धर्मावलंबियों की मांग पर बदला मार्केट कांप्लेक्स का स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज महावीर मंदिर परिसर में जिला परिषद के द्वारा प्रस्तावित मार्केट कांप्लेक्स निर्माण अब यहां नहीं होगा। उक्त बातें जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह ने कहीं। ज्ञात होगी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला परिषद अध्यक्षा प्रतिमा कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह समेत कई जिला परिषद सदस्य मार्केट कंपलेक्स निर्माण का शिलान्यास करने लेस्लीगंज के महावीर मंदिर परिसर पहुंचे थे। जहां मंदिर निर्माण समिति, सनातन धर्म सभा, श्री राम सेना के आग्रह पर सभी लोगों ने मंदिर में बैठक की। बैठक में लोगों ने बताया कि यहां बरसों से रामनवमी, यज्ञ एवं कई धार्मिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं। हिंदुओं के आस्था के लिए एक मात्र यही जगह है जहां कार्यक्रम होता है। इसे ध्यान में रखते हुए इस स्थान को छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर मार्केट कांप्लेक्स बनाने का आग्रह जिला परिषद टीम से किया गया। लोगों के आग्रह पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यहां के धर्मावलंबियों के आस्था के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ नहीं होगा। इस स्थान के बदले जहां भी दूसरा वैकल्पिक स्थान मिलेगा वहां निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के सनातन धर्मियों के द्वारा बुलाकर जो मान सम्मान दिया गया है उसका जिला परिषद परिवार आभारी है। मौके पर शिलान्यास के औपचारिकता पूरा करते हुए जिला परिषद टीम संबंधित मार्केट कांप्लेक्स निर्माण कार्य के लिए पुराना ब्लॉक परिसर के जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, आशा देवी, संग्राम सिंह, विजय राम, रामलाव चौरसिया, खुशबू कुमारी, रूपवंती देवी मुकेश सिंह चंदेल, भाई गोविंद, महावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सोनी, सचिन तारकेश्वर पासवान, कोषाध्यक्ष संजय सोनी, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिन राजू राय, सुदर्शन सोनी, सुरेश भगत, पवन सोनी, अनिल गुप्ता, बलकेश पासवान, मुनींद्रनाथ दुबे आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम: 17वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे बीसीसीएल सीएमडी, यूनियन नेता व परिजन

# ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, बीसीसीएल प्रबंधन पर बिजली-पानी काटने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बीसीसीएल के भाटडीह कोलियरी क्षेत्र के नगदा खान दुर्घटना के 17 साल बाद भी भयावह हादसे को याद कर लोगों का कलेजा कांप उठता है। रोंगटे खड़ा कर देने वाली ह्रदयविदारक घटना आज भी यहां के लोगों की आंखों में जिंदा है। हादसे में हर घर से किसी न किसी की मौत हुई थी। महुदा क्षेत्र के लोग शायद ही कभी उस काली स्याह रात को भूला पाएं। बुधवार को उस हादसे की 17वीं बरसी मनायी गयी। बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर, कॉमरेड नेता हलदर, मुखिया बदरुद्दीन सहित शहीद के परिजनों ने नम आंखों से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बरसी में हर बार की तरह बीसीसीएल के आला अधिकारी, कई ट्रेड यूनियनों के नेता पहुंचें, श्रद्धांजलि अर्पित कर चले गये। किन्तु हादसे के बाद जो दर्द महुदा क्षेत्र के लोगों ने झेला, उसे महसूस करने वाला कोई नहीं। घटना क्यों और कैसे हुई, इसमें जिम्मेवार कौन हैं, जिम्मेवार लोगों पर करवाई अब तक क्यों नहीं हुआ ये सवाल आज भी स्थानीय लोगों और घटना में शहीद हुए खनिकों के परिजन के जेहन में कौंधती है। बरसी में पहुंचे बीसीसीएल के आला अधिकारियों को स्थानीय लोगों का विरोध भी झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन पर गांव में बिजल-पानी काटने का आरोप लगा काफी हो हंगामा करने लगे। इस बीच अधिकारीयों तथा उनके अंग रक्षकों व ग्रामीणों के बीच तीखी बहस भी हो गयी।

## नगदा खदान हादसा याद कर 17 साल बाद भी कांप उठता है कलेजा





### 2006 में हुई थी घटना, दूसरे दिन निकाला शव

ज्ञात हो कि छह सितंबर 2006 भाटडीह कोलियरी के नगदा 17 नंबर इंक्लाइन में शाम 7:30 बजे अचानक भयंकर विस्फोट हुआ और चारों तरफ धुआं ही धुआं के साथ कोहराम मच गया था। खदान के अंदर 50 श्रमिक अपनी दूसरी पाली की ड्यूटी में गये थे। विस्फोट के बाद खदान पर बैठे कोलियरी के पदाधिकारी स्थिति को देखकर वहां से फरार हो गये थे। उस भयावह घटना की खबर पाकर नगदा से लेकर महुदा तक वाहनों का तांता लग गया, परंतु प्रबंधन द्वारा राहत कार्य समय पर शुरू नहीं किया जा सका था। घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, सीएमडी पार्थो भट्टाचार्या सहित कई मंत्री, पुलिस अधिकारी, नेता व समाजसेवी पहुंचे थे। काफी जद्दोजहद के बाद घटना के दूसरे दिन शाम को प्रबंधन ने किसी तरह रेस्क्यू टीम द्वारा एक-एक कर शहीद हुए 50 श्रमिकों के शवों को खदान से बाहर निकाला था।

### भाटडीह लोहापट्टी कोलियरी फिर होगा चालू : सीएमडी

सीएमडी समीरण दता ने कहा भाटडीह लोहापट्टी कोलियरी को भी जल्द चालू किया जायेगा। खुशी की बात हैं बीसीसीएल में पांच एमेंडेंट माइंस चालू करने का प्रोग्राम हो गया हैं, इसका डीपीआर बनेगा। अभी टेंडर में और चार-पांच कोलियरी को रखा जायेगा।

## राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही सवांददाता



**कतरास।** बाघमारा के हरिणा स्थित संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर बच्चों के बीच राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने एक से बढ़कर एक श्रीकृष्ण और राधा के परिधान के सज धज कर प्रतियोगिता में भाग लिया। 50 प्रतिभागियों में बाल वाटिका वर्ग में प्रथम रेयांश, द्वितीय अयांश राज तृतीय दीपांश कुमार रहा वही प्राथमिक वर्ग में आर्या चौहान, सेजल कुमारी एवम तन्नु कुमारी क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहा। निर्णायक की भूमिका में रानी सिंह, शिल्पा राय और संगीता चौहान ने निभायी। ईनाक्षी और रौनक सिंह का राधा कृष्ण का युगल प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ व मनमोहक रहा।


## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 68/2023-24 दिनांक :- 05.09.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-HAZ-01/2023-24 | बरकट्ठा | 1 | बेड़ोकला से जतघघरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। लं० – 9.100 कि०मी०) | 1959.145 | उन्नीस करोड़ उनसठ लाख चौदह हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरकट्ठा | 2 | एन०एच०–02 बेलकपी से जमुआ मधुवन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.500 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 3 | कोसमा से पचफेरी भाया सलैया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 4 | जतघघरा से बराकर नदी भाया छुतहरी कटिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.200 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 5 | गयपहाड़ी से कल्हाबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.530 कि०मी०) | | | |
| | | चलकुशा | 6 | चौबे से विरमाकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–08.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (27.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 29.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ...........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता,
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 306291 (Rural Work Department) 23-24 (D)


## झरिया विधायक के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर

# सैकड़ों लोगों ने नेत्र जांच करायी, 50 को पावर चश्मा मिला मुफ्त



आजाद सिपाही संवाददाता


**धनसार।** बुधवार को कतरास मोड़ झरिया स्थित विधायक कार्यालय के समीप झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह जी के द्वारा केयर नेत्रम संस्था के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक ने फीता काट कर किया। शिविर में लगभग 110 से अधिक लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गयी। इस दौरान विधायक ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर इस शिविर में जरुरतमंद लोगों का निशुल्क नेत्र जांच किया जा रहा है। नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। इस तरह का शिविर झरिया विधानसभा के अन्य स्थानों पर भी आयोजित किया जाएगा, जिसका लाभ यहां के लोगो को मिलेगा। शिविर में 50 जरुरतमंद लोगों को विधायक की ओर से मुफ्त पावर चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय, सूरज सिंह, केयर नेत्रम संस्था के कोर्डिनेटर बादल, ऑप्टोमेट्री रूपेंद्र, विजन टेक्निशन चम्पा सिंह, हीना, सुधा, मधु, उर्मिला, चंद्राशेखर, महेश, रवि, अनिल प्रसाद, दीपक, अमित, छोटेलाल महतो आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस ने सशक्तिकरण और भारत जोड़ो अभियान को लेकर की बैठक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कांग्रेस प्रधान कार्यालय में युवा कांग्रेस की सशक्तिकरण और भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की युवा कांग्रेस बाघमारा विधानसभा, बाघमारा प्रखंड तथा कतरास नगर कमिटी में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर ऊजार्वान कार्यकताओं को कमिटी में स्थान दिया जायेगा। युवा कांग्रेस के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का एक वर्ष पूरा होने पर प्रत्येक वार्ड तथा पंचायत में कार्यक्रम किया जायेगा। वार्ड, पंचायत तथा बूथ कमिटी का गठन यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान के तहत 30 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक मे विधानसभा अध्यक्ष विशाल, प्रखंड अध्यक्ष शंकर, विकास, ब्रजेश आदि कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित।

## पेड़ो को कटने से बचाने का लिया संकल्प, नयी आउटसोर्सिंग परियोजना आने से पहले ही विरोध शुरू



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र में नई आउटसोर्सिंग कंपनी के आने की खबर सुनते ही क्षेत्र के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य शुरू करने से पूर्व ग्रामीणों को विस्थापन देने और पेड़ कटाई नही करने की मांग को लेकर बुधवार को लोगो ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस बाबत सिजुआ नागरिक समिति के बैनर तले जिला प्रशासन के नाम जोगता थाना प्रभारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। नेताओं ने कहा आउटसोर्सिंग चालू करने से पहले बीसीसीएल प्रबंधन को क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाना होगा। पेड़ों को काटने से पहले उतने पेड़ लगाने होंगे। बीसीसीएल लोगों की अनदेखी नहीं करेगी। रैयतों के लिए उचित पुनर्वास और मुआवजा का प्रावधान है। जो रैयत नहीं है वैसे लोगों को भी कंपनी मूलभूत सुविधाओं के साथ सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास करेगी। बसाने की काम करेगी।

# सीआइएसएफ ने छापामारी कर 30 टन अवैध कोयला किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

### एक माह में दूसरी बार हुई कार्रवाई



**लोयाबाद।** सीआईएसएफ जवानों ने बुधवार को लोयाबाद थाना क्षेत्र के गोपा ग्राउंड और बांसजोड़ा 12 नंबर में औचक छापामारी कर करीब तीस टन अवैध कोयला जब्त किया। कोयला सात आठ जगहों पर जमा कर के रखा गया था। एक माह के अंदर यह दुसरी बार कोयले की छापेमारी की गयी है।बल के जवान इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर डी आर सिंह के नेतृत्व में गोपा ग्राउंड पहुंचे। कार्रवाई करते हुए कोयला को जब्त किया। बल के जवानों द्वारा मौके पर छोड़ा गये कोयले को लोगों ने लूट लिया। जवानों ने बीसीसीएल से पेलोडर और डंफर मंगाया। जब्त कोयले को डंपर पर लोड कर कोलियरी में जमा कर दिया गया। बांसजोडा रेलवे साइडिंग में कोयले की तस्करी चर्म पर है। छापामारी के बाद भी कोयले की तस्करी निर्बाध गति से जारी रहता है। इस इलाके में एक संगठित गिरोह सक्रिय है। दिन के उजाले में बांसजोडा कोलियरी रेलवे साइडिंग से कोयला तस्कर के लोगों के द्वारा बड़े इत्मीनान से कोयला टपाया जात है। साइडिंग के बगल की झाड़ियों जमा कर के रखा जाता है फिर रात के अंधेरे में मारुति वैन या फिर ट्रकों से अन्यंत्र टपा दिया जाता है। इसके अलावा इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा बाइक पर कोयला लाद कर केंदुआडीह थाना क्षेत्र के बासदेवपुर में संचालित अवैध कोयला गोदाम में भी टपाया जाता है। कहा जाता है कि साइडिंग से रोजाना करीब 15 टन से अधिक कोयला टपाया जाता है। बांसजोडा और निचितपूर कोलियरी का कोयला काफी मंहगा है। कोयले की चोरी को रोकने के लिए न तो बीसीसीएल प्रबंधन और न ही पुलिस गंभीर है। बल के जवानों के सामने ही कोयला तस्कर रेलवे साइडिंग में तैनात जवानों के सामने से ही है। कोयला तस्कर उसके सामने ही कोयला उठा कर ले जाते हैं। इंस्पेक्टर डी आर सिंह ने कहा कोयले की तस्करी पर रोक लगाना पुलिस का भी काम है। हर जगह साइडिंग के किनारे रह रहे लोगों के घरों के पास देखेंगे कि करीब चार पांच टन कोयला जरुर रहता है।

## डीआरएम ने क्रू और गार्ड लॉबी हाउस का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल के डीआरएम सुमित निरुला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को महुदा रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम ने नवीनीकृत संयुक्त क्रू लॉबी का फीता काटकर उद्धघाटन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि महुदा में क्रू लॉबी की अति आवश्यकता थी। सेफटी के नजर से यह जरूरी था की यहां पर उक्त हाउस का उद्घाटन हो। उन्होंने आगे कहा की रेल सेफटी, कर्मी की सुरक्षा। यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। एक सवाल के जवाब में कहा की ट्रेन का ठहराव ऊपर के पदाधिकारी के आदेश पर ही किया जाता हैं।

मौके पर महुदा स्टेशन सहित आद्रा मंडल के कई पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

### पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 23/2023–24

दिनांक 05 / 09 / 2023

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | केरेडारी | वासिर चौक के पट्टी टांड भाया पीपल चौक बेला कराली तक पथ निर्माण। | 14876900.00 | 10000.00 | 298000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 09.09.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 10.09.23 से 17.09.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 18.09.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.09.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 306353 District(23-24)#D



## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड

### अल्पकालीन ई- पुनःर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No. - 303538 Dated : 25.07.2023

अल्पकालीन ई–पुनः निविदा संख्या :- 70/2023-24 दिनांक :- 06.09.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनःर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | JH-M-KOD-01 /2023-24 | कोडरमा सदर | 1 | गोंदवाडीह से गोलबाढ़ाब तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.200 कि०मी०) | 1479.952 | चौदह करोड़ उनासी लाख पंचानबे हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | डोमचांच | 2 | मधुबन से रूपणडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.005 कि०मी०) | | | |
| | | सतगांवा | 3 | डुमरी से राजघट्टी पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.025 कि०मी०) | | | |
| | | सतगांवा | 4 | बदाल बजरंगबली मंदिर मोड़ से आर०ई०ओ० रोड भाया मोहनरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.930 कि०मी०) | | | |
| | | सतगांवा | 5 | योगीडीह पुल से कैरी पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 3.650 कि०मी०) | | | |
| | | डोमचांच | 6 | नावाडीह से जोड़ासीमर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 5.000 कि०मी०) | | | |
| | | डोमचांच | 7 | जोड़ासीमर से पररिया पी०डब्ल्यू०डी० पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | डोमचांच | 8 | मसनोडीह पी०डब्ल्यू०डी० रोड से सहदेव मोदी के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 1.000 कि०मी०) | | | |
| | | सतगांवा | 9 | खुटा से अम्माबाद भाया घुरमुरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.900 कि०मी०) | | | |
| | | कोडरमा सदर | 10 | आर०ई०ओ० रोड U.M.H.S पथलडीहा से सोन्देडीह आर०सी०डी० रोड भाया सलैया अक्तो नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.780 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-KOD-02 /2023-24 | जयनगर | 1 | कटहाडीह से कुसुमडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.920 कि०मी०) | 1120.091 | ग्यारह करोड़ बीस लाख नौ हजार एक सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | जयनगर | 2 | आर०सी०डी० रोड जयनगर से इरगोबाद भाया जयनगर ब्लॉक ऑफिस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.700 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 3 | बेको से नईटांड़ पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 5.700 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 4 | तेतरॉन से बदुलिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 7.050 कि०मी०) | | | |
| 3 | JH-M-KOD-03 /2023-24 | मरकच्चो | 1 | दरदाही मोड़ से पिपचो (चैनेज–0.00 कि०मी० से 4.550 कि०मी०) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.550 कि०मी०) | 1066.837 | दस करोड़ छियासठ लाख तिरासी हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मरकच्चो | 2 | बरियारडीह पी०डब्ल्यू०डी० रोड से परसाबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 2.550 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 3 | ग्राम कटाही से बांसडीह भाया नीमाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 3.700 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 4 | आर०डब्ल्यू०डी० रोड लालगढ़ से बभनडीह भाया बरवाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.300 कि०मी०) | | | |
| | | डोमचांच | 5 | चैनपुर (रायडीह मोड़) से रायडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 3.900 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 6 | आर०डब्ल्यू०डी० रोड बाराडीह से मरकच्चो प्रखण्ड भाया पपहरा, धुबाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं० – 4.200 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे पुनःर्निविदा प्रकाशन की तिथि:– 08.09.2023
3. ई– पुनःर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 20.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा में से किसी भी कार्यालय में पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 21.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (21.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त पुनःर्निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. पुनःर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–22.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. पुनःर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई– पुनःर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ...........................
9. पुनःर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 306366 Rural Work Department (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### मटकी फोड़ कार्यक्रम में पोल गिरा, 2 की मौत

उदयपुर। उदयपुर में जन्माष्टमी का उत्सव मनाने के दौरान लोहे का पोल सीमेंट के ब्लॉक सहित उखड़कर छात्राओं पर गिर गया। इससे 2 छात्राओं की मौत हो गयी और 3 छात्राएं घायल हैं। हादसा बुधवार दोपहर 12:15 बजे हुआ। छात्र मटकी फोड़ कार्यक्रम में भाग लेने स्कूल के पोर्च में इकट्ठा हुए थे।

### सुभाष चंद्र बोस के पोते ने भाजपा से दिया इस्तीफा

कोलकाता। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बुधवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र पत्र लिखा। चंद्र कुमार ने कहा कि नेताजी की विचारधारा को आगे बढ़ाने में उन्हें भाजपा से समर्थन नहीं मिला। वे 2016 में पार्टी में शामिल हुए थे और ममता बनर्जी के खिलाफ विधानसभा चुनाव 2016 लड़ा था।

### 11 और 12 सितंबर को जदयू की महाबैठक

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश की पार्टी जदयू अपने संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटी है। इसको लेकर जदयू बड़ी बैठक करने जा रही है। दो दिनों तक चलने वाली बैठक में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के बड़े नेता शामिल होंगे। सभी जिला अध्यक्षों के साथ 11 सितंबर के साथ बैठक होगी। वहीं 12 सितंबर को प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक होगा।

# चलती ट्रेन में डकैती की कोशिश में चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाहा। संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** चलती ट्रेन में डकैती की योजना बनाते वक्त जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार।
चारों आरोपियों में गंजाम के बाबाजी तोटा जिले के जगन्नाथ बेहेरा, हिंजिलिकाटू अंकरोडा मधिसाही के मंगुलु बेहेरा, पुरुषोतमपुर बडसाहि के सत्य महांति और जटनी राजा बाजार के शिव राव शामिल हैं।
पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 महंगे मोबाइल, 3 चाकू, 4 चिली पावडर पैकेट, 2 ट्रेन टिकट, 4 ब्लैक मास्क और 71 हजार रुपये के सामग्री बरामद किए हैं. हालांकि, जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ये आरोपी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस पुरी स्टेशन से निकलने के बाद चलती ट्रेन में डकैती की योजना बना रहे थे.



### स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या पर बीजेपी ने राज्य सरकार पर हमला बोला

# जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

**आजाद सिपाहा। संवाददाता**

भूवनेश्वर। स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या को लेकर बीजेपी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है. बीजेपी ने सवाल उठाया है कि राज्य सरकार जांच आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही है. जांच रिपोर्ट विधानसभा में क्यों नहीं पेश की जा रही है? पार्टी ने सवाल किया है कि क्या इसमें राज्य सरकार का कोई बैक डोर एजेंडा है.



इसके साथ ही प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष बिरचि नारायण त्रिपाठी ने जांच रिपोर्ट तुरंत सार्वजनिक करने की मांग की. उन्होंने सवाल किया कि सरकार किसी को बचाने के लिए जानकारी छिपाने की कोशिश कर रही है. इस बीच कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति ने कहा- स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या के वक्त बीजेपी-बीजेडी की संयुक्त सरकार थी. कांग्रेस विधायक तारा प्रसाद बाहिनीपति ने कहा, हर किसी को यह जानने का अधिकार है कि जांच रिपोर्ट में क्या है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com

# कंबोडिया में फंसा उड़िया युवक

**आजाद सिपाहा। संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर के रहने वाला युवक कंबोडिया में फंसा हुआ। गंजाम जिले के रंगीलुंडा के दीनबंधु को कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम करने के लिए कंबोडिया में कैद किया गया है। एजेंट ने दीनबंधु को वियतनाम में नौकरी देने के नाम पर कंबोडिया में बेच दिया है। एजेंट कहता है कि अगर वह 2500 डॉलर देता है तो वह चला जाएगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से अपने बेटे को रिहा करने की अपील की है।

सूचना मुताबिक रंगेइलुंडा ब्लॉक बिश्वनाथपुर के दीनबंधु साहू कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम करने के लिए विदेश जाने के लिए वह गुजरात की एक कंपनी यूनिक एम्प्लॉयमेंट सर्विस के संपर्क में आए। वहां एजेंट विनोद पाठक ने उसे वियतनाम की डेल्टा कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम दिलाने के लिए डेढ़ लाख रुपये और वीजा पासपोर्ट ले लिया। उन्होंने सबसे पहले वियतनाम के लिए उड़ान भरी। बाद में वह कंबोडिया चले गए और वहां एक कंपनी में काम किया। वहां कंपनी ने कुछ दिनों तक दीनबंधु को विभिन्न सिम धोखाधड़ी, कॉल और ओटीपी धोखाधड़ी में लगाया, लेकिन उसने इस तरह के काम करने से इनकार कर दिया। जब उन्होंने कहा कि वह भारत लौटेंगे, तो कंपनी अधिकारियों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया।



# रेल यात्रियों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर सामान लूटा

### तीन छात्र अस्पताल में भर्ती, एक लापता

**आजाद सिपाहा। संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कंटाबांजी रेल यात्रियों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर लूटपाट। यह घटना बलांगीर जिले के कंटाबांजी रेलवे स्टेशन पर हुआ। छात्रों की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि पिछले 4 तारीख को संबलपुर बराईपल्ली में एसएससी की परीक्षा हुई थी. इसलिए रेंगाली गांव के बलराम मेहेर, सुबाष मेहेर, थुडीबहाल गांव के आनंद भोई, पालेसिरा गांव के बलवंत कुअर और पल्लीमाल गांव के सिलिल महानंद सभी परीक्षा देने के लिए गये थे। परीक्षा देकर छात्रा इस्पात ट्रेन से कंटाबांजी आ रहे थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें कोल्ड ड्रिंक पीने को दिया। उनमें से 4 ने कोल्ड ड्रिंक पी ली। सुबह 3 छात्र बेहोश पड़े मिले। एक छात्र ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। जीआरपी ने 3 छात्रों को बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। जीआरपी पुलिस एक लापता छात्र की तलाश कर रही है।





**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं. पूमरे-मुप्रअ-नि-उ-ईटीएन-33-23-24

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **(1) कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में अररिया-सुपौल नई लाईन परियोजना के निर्माण के संबंध में रानीगंज -जडिया खण्ड (किमी. 28.000 से 51.800) के बीच वृहत पुलो पर कम्पोजिट गर्डर/ओपेन बेव गर्डर की आपूर्ति, फैबरिकेशन, इरेक्शन/लॉंचिंग और पी.एस.सी. स्लैब की लॉंचिंग। **(2) कार्य का लगभग मूल्य:** रू. 24,72,06,243.34 **(3) बीड सिक्यूरिटी की राशि:** रू. 13,86,000.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 26.09.2023 चौदह तीस बजे। **(5) बेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि:** उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे/महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/01120/सीओएनएन/ईएनजीजी/टी/23-24/36






**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# रेलवे संरक्षा कर्मचारी को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही। संवाददाता**

**संबलपुर।** सुरेश माझी को टीपीएम-ए/बरगढ़ रोड और अंता नाग को तकनिशियन/सीएंडडब्ल्यू/ टिटलागढ़ को सुरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों के साथ अच्छी तरह से परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर, आनंद सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता दीपक परसरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी सम्बीत सौरव नायक और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।






# झारखंड : सरिया में संकल्प यात्रा को लेकर जनसभा का आयोजन

**आजाद सिपाही। संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा के अंतर्गत सरिया में संकल्प यात्रा की जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी ने माननीय प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया और बताया कि हेमंत ने मुख्यमंत्री के दायित्वों का निर्वहन करने की बजाय 'सत्ता का दुरपयोग' के दम पर अपने विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसाया ' अपने राजनैतिक दुश्मनों को मजा चखाने के लिये एसटी-एससी एक्ट का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया। यहाँ तक कि अपने लठैत, बेईमान, षड्यंत्रकारी अफसरों के दम पर ईडी के अफसरों को भी एकदम से फजी मामले बनाकर कर एसटी-एससी एक्ट में फँसाने की कोशिश की। इस दौरान पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा के वर्तमान विधायक केदार हाजरा, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे जी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, झारखंड कार्य समिति के सदस्य एवं पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, अमित तिवारी, उदय सिंह एवं प्रणव वर्मा इत्यादि कार्यकर्ता एवं झारखंड की देवतुल्य जनता उपस्थित रही ।



### बिड़ला ग्लोबल यूनिवर्सिटी और आइएफएम के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

भुवनेश्वर। बिड़ला ग्लोबल यूनिवर्सिटी भूवनेश्वर और तांजानिया स्थित डार एस सलाम के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस मैनेजमेंट (आईएफएम) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया हैं। आईएफएम, डार एस सलाम तांजानिया में एक सरकारी उच्च शिक्षा संस्थान है, जिसे बैंकिंग, बीमा, सामाजिक सुरक्षा, कराधान और लेखांकन में प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श प्रदान करने के लिए 1972 में स्थापित किया गया था। बीजीयू के कुलपति प्रोफेसर पी.पी माथुर और तांजानिया के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस मैनेजमेंट (आईएफएम) के प्रोफेसर जोसेफट डैनियल लोट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।







# संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक


**राजधनवार (गिरिडीह)** । 8 सितंबर को धनवार प्रखंड क्षेत्र के डोरंडा में आहूत भाजपा के जन संकल्प यात्रा को एतिहासिक व सफल बनाने की तैयारी को लेकर बुधवार को धनवार के बरजो भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता सह पुर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की गयी। भाजपा नेता सह पूर्व आईजी ने कहा कि प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जन संकल्प यात्रा को हर विधान सभा में भारी सफलता मिल रही है। धनवार विधान सभा उनका गृह क्षेत्र है और वे यहां के विधायक भी हैं,इसलिए इस क्षेत्र के हम तमाम भाजपाइयों की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। कहा कि हर भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारी में तन-मन से जुट जाएं और इस जन संकल्प यात्रा को एतिहासिक बनाने का काम करें। मौके पर उदय सिंह, अशोक उपाध्याय, पवन साल, अजय रंजन, नकुल राय, पवन सिंह, श्याम सिंह, अरविंद सिंह, विनयसिंह, वकील राय आदि मौजूद थे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**